

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 05 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-188 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 06 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### संत प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य फिर नासाज

**वृंदावन ,5 अक्टूबर ।** प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। महाराज जी के स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी दैनिक पदयात्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पिछले दो दिनों से वह पदयात्रा में शामिल नहीं हो रहे थे, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालु उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर इंतजार कर रहे थे। श्री राधे हित केलि कुंज आश्रम की ओर से उनके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की गई है। संदेश में कहा गया है, "आप सभी को सूचित किया जाता है कि महाराज जी का स्वास्थ्य अभी ठीक नहीं है, जिस कारण पदयात्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया है। अतः आप सभी से विनम्र निवेदन है कि पदयात्रा के लिए मार्ग में प्रतीक्षा न करें।" आश्रम ने यह भी आश्वासन दिया है कि जब भी पदयात्रा दोबारा शुरू होगी, इसकी सूचना दे दी जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा को स्थगित किया गया है। विदित हो कि वह किडनी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं और उनकी नियमित रूप से डायलिसिस होती है। जब भी उनके स्वास्थ्य में गिरावट आती है, तो डॉक्टरों की सलाह पर उनकी पदयात्रा को रोक दिया जाता है, ताकि उनके शरीर को आराम मिल सके।

### पाक आर्मी की गीदड़भभकी

**नई दिल्ली ,5 अक्टूबर ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों की हालिया चेतावनियों के बाद पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया दी है। दोनों पक्षों के कड़े बयान पर क्षेत्र में तनाव दिख रहा है। विजयादशमी (2 अक्टूबर) को भुज में जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान कोई दुस्साहस करेगा तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल सकते हैं। उन्होंने खासकर सायर क्रीक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सैन्य हरकत को लेकर कड़ा इशारा किया।

वहीं, पाकिस्तान की सेना (ढ्ढस्क्कक्र) ने कहा गया कि यदि संघर्ष छिड़ता है तो उसकी विनाशकारी प्रकृति दोनों देशों के लिए हानिकारक होगी और पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। ढ्ढस्क्कक्र ने यह भी कहा कि उसने अब एक "नए सामान्य" के तौर पर त्वरित, निर्णायक और विनाशकारी प्रतिक्रिया की एक नीतिगत क्षमता स्थापित कर ली है। भारत की ओर से दावे में यह तर्क किया जा रहा है कि राज्य-समर्थित आतंकवाद भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और उसे सीमित रखा जाना चाहिए।

**सार बातें** प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता शबरी की पावन भूमि पर हुआ राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन का आयोजन

# छत्तीसगढ़ सदा से रहा है साहित्य और संस्कृति की धरती : साय

**रायपुर 5 अक्टूबर**

छत्तीसगढ़ की साहित्यिक, सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से विगत रात्रि आयोजित राज्य स्तरीय युवा कवि सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता शबरी की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती सदा से साहित्य और संस्कृति की धरा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि कालिदास ने इसी धरती पर मेघदूत जैसे अमर काव्य की रचना की, वहीं गजानन माधव मुक्तिबोध और पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जैसे यशस्वी साहित्यकारों ने इसी मिट्टी से अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के सुप्रसिद्ध संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग



तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग का यह अभिनव प्रयास प्रदेश की कला, साहित्य और रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा साहित्यकारों, रचनाकारों और कलाकारों को निरंतर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित तीनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से युवा कवियों को देश के ख्यातिलब्ध कवियों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनके रचनात्मक विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि यह सम्मेलन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा कवियों के लिए सीखने और सृजन की प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति आरंभ से ही समृद्ध रही है — यहाँ मनुष्य के जीवन से लेकर मृत्यु तक हर अवसर पर गीत गाए जाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब खेतों में बुआई का समय आता है, तो पूरे वातावरण में ददरिया की मधुर ध्वनि गूंजती है। यहाँ विविध वाद्य, गीत, नृत्य और लोककलाओं की अनूठी परंपरा रही है। श्री साव ने कहा कि यह प्रदेश संतों, महात्माओं और कवियों की कर्मभूमि रहा है, जहाँ से समाज को सदैव नई दिशा मिली है। उन्होंने प्रदेशभर से आए युवा कवियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि श्री शशिकांत यादव, श्री दिनेश बावरा, श्री नीलोत्पल मृणाल, सुश्री कविता तिवारी और सुश्री मनु वैशाली ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावनात्मक कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राज्य स्तरीय युवा कवि प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले की निधि तिवारी ने प्रथम स्थान, मीरा मृदु ने द्वितीय स्थान तथा कोरिया जिले की अलीशा शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पश्चिम बंगाल में बारिश ने मचाई तबाही,13 की मौत

**कोलकाता,5 अक्टूबर।** पश्चिम बंगाल में बारिश ने जमकर तबाही मचा रही है। लौटता हुआ मानसून दार्जिलिंग में कहर बनकर टूटा है। भारी बारिश के कारण सिर्फ दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड हुई है। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लैंडस्लाइड के बाद रोड पर मलबा आने से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। वाहनों की आवाजाही और आसपास के कई इलाकों में कम्यूनिकेशन टूट गया है। उधर मिरिक में एक लोहे का पुल भी टूट गया है। भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। तीस्ताबाजार के पास बलुखोला में पानी भर जाने से सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे पूरी तरह बंद हो गया है। दार्जिलिंग शहर का भी कई हिस्सों



से संपर्क टूट गया है। भारी वर्षा के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 110 पर स्थित हुसैन खोला में भी भूस्खलन हुआ है, जिससे सिलीगुड़ी औरदार्जिलिंग के बीच का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। प्रशासन ने आपातकालीन सेवाओं को वैकल्पिक मार्ग से भेजने की व्यवस्था की है। राजगंज प्रखंड के पोराझार में भारी बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया है। कई घर और खेत जलमग्न हो गए हैं। महानंदा नदी पर बने तटबंध का एक हिस्सा अचानक टूट जाने से कई लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर होना पड़ा है।

**भूस्खलन से गांवों और पर्यटन स्थलों को नुकसान**-मिरिक और कुर्सियांग जैसे पर्यटन स्थल बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। गांवों के घर मलबे में दब गए हैं, सड़कों पर कीचड़ और पत्थरों का ढेर जमा हो गया है। दार्जिलिंग प्रशासन ने कहा है कि फिलहाल कई गांवों को खाली कराया गया है और लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है।

### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

दार्जिलिंग हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा- दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुःखी हूँ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कवर्धा की पाइप फैक्ट्री में आग

**कवर्धा/बेमेतरा,5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ओड़िया गांव स्थित पाइप फैक्ट्री में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई. यहां पिछले 10 सालों से कृषि संबंधित पाइप और दूसरे सामान तैयार किए जाते हैं. आग से काफी सामान और मशीनें जलकर



खाक हो गई है. तेज हवा के कारण आग फैक्ट्री के अन्य हिस्सों में भी फैल गई है. घटना में करोड़ो रुपए का नुकसान हुआ है. जानकारी के मुताबिक खंडडसरा चौकी क्षेत्र के ओड़िया गांव स्थित पाईप फैक्ट्री में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई. फिलहाल आग शॉर्ट सर्किट से लगी है या किसी और वजह से यह अभी स्पष्ट नहीं है. सूचना के बाद बेमेतरा और कवर्धा की दमकल वाहन की टीम मौके पर मौजूद है. फैक्ट्री मालिक ने बताया कि इस फैक्ट्री में पिछले 10 सालों से कृषि से संबंधित पाइप, अन्य वस्तुओं का निर्माण होता आ रहा है. आज सुबह अचनाक आग लगी, जिसकी वजह स्पष्ट नहीं है. घटना में 1 से 1.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. फैक्ट्री में रॉ मटेरियल स्क्रेप जो रखे थे. जिससे पाइप का निर्माण होता है.

# बिहार में किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा नहीं होंगे वोटर

**100% होगी वेब कास्टिंग: सीईसी ज्ञानेश कुमार**




**पटना,5 अक्टूबर।** बिहार चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर चुनाव आयोग की टीम दो दिन के पटना दौरे है। रविवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी की। उन्होने बताया कि हाल ही में बिहार में मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम चलाया गया और हमारे सामने मौजूद बूथ लेवल अधिकारियों ने न सिर्फ अपने बूथों पर मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम किया, बल्कि बिहार के 90,217 बूथ लेवल अधिकारियों ने ऐसा काम किया जो पूरे देश में सराहनीय है। जैसे बिहार के वैशाली ने दुनिया को लोकतंत्र की राह दिखाई। आप सब मिलकर मतदाता सूची शुद्धिकरण के काम में देश के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। जानकारी देते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र है। विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है। उसके पहले चुनाव संपन्न होंगे। चुनाव आयोग की टीम दो दिनों से बिहार में है। इसके पहले भी हमारे वरिष्ठ अधिकारी बिहार का दौरा कर चुके हैं। दौरे के पहले दिन चुनाव आयोग ने सबसे पहले बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उनकी मांगे और सुझाव लिए। बिहार के सभी डीएम, आईजी डीआईजी, एसएसपी और कमिश्नरों के साथ-साथ सभी एनफोर्समेंट एजेंसी के साथ मीटिंग की।

### एअर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**अमृतसर,5 अक्टूबर।** एअर इंडिया की अमृतसर से बर्मिंघम जा रही उड़ान AI117 में लैंडिंग के दौरान रैम एयर टर्बाइन (RAT) के अचानक सक्रिय होने से बड़ा तकनीकी अलर्ट सामने आया। हालांकि बोइंग 787 विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित हैं, पर इस तकनीकी खराबी के कारणों की गहन जांच के लिए विमान को रोक दिया गया है, जिसके कारण वापसी उड़ान रद्द करनी पड़ी। एअर इंडिया की अमृतसर से बर्मिंघम जा रही उड़ान AI117 में शनिवार को बड़ा तकनीकी अलर्ट सामने आया। बोइंग 787 विमान का रैम एयर टर्बाइन (RAT) लैंडिंग से ठीक पहले, यानी फाइनल अप्रोच के दौरान, अप्रत्याशित रूप से तैनात हो गया।

# कफ सिरप लिखने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

भोपाल,5 अक्टूबर। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कथित तौर पर कफ सिरप पीने की वजह से एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत के बाद राज्य सरकार अब ऐक्शन मोड में है। 'कोल्डरिफ' कफ सिरप को बैन किए जाने के बाद छिंदवाड़ा जिले में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि मारे गए अधिकतर बच्चों को इसी डॉक्टर ने वह कफ सिरप लिखी थी। परासिया में सरकारी डॉक्टर प्रवीण सोनी पर आरोप है कि वह प्राइवेट प्रैक्टिस भी कर रहे थे और उन्होंने निजी क्लिनिक में यह दवा लिखी थी। राज्य सरकार ने दवा कंपनी के खिलाफ भी मकुदमा दर्ज कराया है। बाल रोग विशेषज्ञ प्रवीण सोनी परासिया में सरकारी डॉक्टर हैं। आरोप है कि वह यहां एक निजी क्लिनिक भी चला रहे थे। बताया जा रहा है कि जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें से अधिकतर को सर्दी-खांसी जैसी शिकायतों के बाद डॉ. प्रवीण सोनी के क्लिनिक में लाया गया था और उन्होंने अन्य दवाओं के साथ 'कोल्डरिफ' लेने की सलाह दी थी। दवा में एक खतरनाक रसायन की पुष्टि होने के बाद राज्य सरकार ने इसे पूरे राज्य में बैन कर दिया है। परासिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अंकित सहलाम की शिकायत के आधार पर पुलिस ने डॉक्टर सोनी और कोल्डरिफ कफ सिरप को बनाने वाली कंपनी 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' के खिलाफ केस दर्ज कराया है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स ऐक्ट की धारा 27(ए) और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 105 और 276 के तहत केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दवा के नमूनों में 48.6 प्रतिशत 'डाईथिलीन ग्लाइकॉल' पाया गया, जो एक जहरीला रसायन है। मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा में जिन 14 बच्चों की मौत हुई है उन्हें शुरुआत में सर्दी-खांसी और बुखार जैसे साधारण लक्षण थे। आरोप है कि कफ सिरप लेने के बाद बच्चों की किडनी फेल हो गई और उनकी मौत हो गई। 6 बच्चों का अब भी इलाज चल रहा है। मृतकों में सबसे अधिक 11 परासिया उपमंडल के हैं। दो छिंदवाड़ा शहर के और एक चौरई तहसील के थे।

**बैन के साथ CM का आदेश- बख्शे नहीं जाएंगे दोषी**-मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक दिन पहले ही कोल्डरिफ को बैन करने का आदेश देते हुए सख्त ऐक्शन की बात कही। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'छिंदवाड़ा में Coldrif सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस सिरप की बिक्री को पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दिया है।

# ट्रंप के दावे में कितना दम? इजरायल ने बरसा दिए बम

**वाशिंगटन,5 अक्टूबर।** गाजा में युद्धविराम को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रस्ताव के बीच भी इजरायल कहर बरपा रहा है। शनिवार को इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलस्तीनियों की मौत हो गई जिनमें 7 बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 2 महीने से लेकर 8 साल तक बताई गई है। वहीं डोल्ड ट्रंप ने कहा है कि हमास ने कुछ शर्तें मान ली हैं और इसलिए तत्काल प्रभाव से बमबारी रुक जानी चाहिए। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक आधिकारिक रूप से 45 लोगों के जान जाने की जानकारी दी गई है। हाल के कुछ हफ्तों में इजरायल की आक्रामकता की वजह से गाजा की लगभग 10 लाख की आबादी बुरी तरह प्रभावित हुई है। गाजा सिटी से बड़ी संख्या में लोगों को पलायन करना पड़ा है। तुफाह के पास एक रिहाइशी इमारत पर हमले की वजह से कम से कम 18 लोगों की जान चली गई। दक्षिणी गाजा के अल मवासी में एक कैंप पर भी इजरायल ने हमला कर दिया। दक्षिणी गाजा में इस हमले में कम से कम दो बच्चों की मौत हो गई। इसके अलावा 8 घायल हो गए। वहीं डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि इजरायल ने अस्थायी रूप से बमबारी रोक दी है। उन्होंने कहा है कि हमास बंधकों को रिहा



करने में देर ना करे वरना फिर से बमबारी शुरू हो जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा है कि इजरायल ने गाजा से अपनी सेना को वापस बुलाने का ऐलान कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, जैसे ही हमास समझौते को मानने का ऐलान करता है, युद्धविराम शुरू हो जाएगा और फिर कैदियों और बंधकों की अदला-बदली होने लगेगी। हमास का कहना है कि बंधकों के बदले में इजरायल को 2000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ना होगा। वहीं इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को हथियार छोड़ने होंगे। दो साल से जारी इस युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 67,000 से अधिक हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने मृतकों की सूची में 700 से अधिक नाम और जोड़े हैं तथा इन आंकड़ों का सत्यापन हो चुका है। इस तरह मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस बीच, इजराइल की सेना ने कहा है कि वह गाजा में युद्ध समाप्त करने तथा शेष सभी बंधकों को वापस लौटाने संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के पहले चरण को लेकर तैयारी कर रही है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सेना अब रक्षात्मक स्थिति में आ गई है .

# सोनम वांगचुक का आया संदेश लेह हिंसा की जांच की मांग की

**श्रीनगर,5 अक्टूबर।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लेह की हिंसा में 4 लोगों की मौत को लेकर स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। राज्य का दर्जा बहाल करने और छठी अनुसूची लागू करने की मांग के लिए 24 सितंबर को प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इसके बाद वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। अब अपने संदेश में उन्होंने लद्दाखियों से शांति व एकता बनाए रखने और गैर-हिंसक गांधीवादी तरीके से लड़ाई जारी रखने की अपील की है। सोनम वांगचुक का यह मैसेज उनके भाई का त्सेतन दोर्जे ले और वकील मुस्तफा हाजी के जरिए दिया गया, जिन्होंने शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल में उनसे मुलाकात की थी। सोनम वांगचुक ने कहा कि जब तक स्वतंत्र जांच का आदेश नहीं दिया जाता, वह जेल में रहने को तैयार हैं। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता वांगचुक ने लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस की छठी अनुसूची और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'एपेक्स बॉडी जो भी कदम लद्दाख के हित में उठाएगी, मैं उनके साथ पूरे दिल से हूं।' नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने पत्र में लिखा, 'मैं शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक हूं। सभी की चिंता व



प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। जो घायल या हिरासत में हैं, उनके लिए मैं प्रार्थना करता हूं।'

### वांगचुक की गिरफ्तारी पर SC में कल सुनवाई

लेह एपेक्स बॉडी और केडीए ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ 6 अक्टूबर को होने वाली बातचीत से हटने का फैसला किया है। दोनों संगठनों ने चार लोगों की मौत की न्यायिक जांच और वांगचुक सहित सभी हिरासत में लिए गए लोगों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने NSA के तहत जलवायु कार्यकर्ता को हिरासत में लिए जाने को चुनौती दी है और उनकी तत्काल रिहाई का अनुरोध किया है। न्यायालय की 6 अक्टूबर की मामला सूची के अनुसार, यह याचिका न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आएगी। सीनियर वकील विवेक तन्खा और वकील सर्वम रितम खरे के माध्यम से दायर याचिका में आंगमो ने वांगचुक के खिलाफ रासुका लगाने के फैसले पर भी सवाल उठाया है।

# राजभाषा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्मिकों को मिला सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के संपर्क व प्रशासन तथा राजभाषा विभाग द्वारा 4 अक्टूबर को राजभाषा पखवाड़ा समापन एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संयंत्र के समस्त कार्यपालक निदेशक गण उपस्थित थे। महापात्र ने हिंदी में कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु राजभाषा उन्नायक सम्मान संयंत्र के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदान किए। साथ ही हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 कार्मिकों को 'विशिष्ट सेवा सम्मान, 10 कार्यालयों को राजभाषा समूह/कार्यालय पुरस्कार तथा निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती पुरस्कार क्रमशः राजहरा लौह अयस्क समूह, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और वित्त एवं लेखा विभाग को दिए गए। सर्वश्रेष्ठ हिंदी समन्वय अधिकारी का सम्मान सौरभ जैन को प्राप्त हुआ। अपने उद्बोधन में महापात्र ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहा है और अब राजभाषा हिंदी के प्रयोग में भी अग्रणी बनने का समय है। उन्होंने हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी और महाप्रबंधक (राजभाषा) राजीव कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी और आभार प्रदर्शन सौरभ जैन ने किया।

## समाचार संक्षेप

# विधायक की मदद से खुशबू की आंखों की लौटेगी रोशनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** कभी धुंधली दिखने वाली ज़िंदगी अब रोशनी से भरने जा रही है। सेक्टर-6 निवासी रविन्द्र प्रसाद की बेटी खुशबू के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगी है। लंबे समय से दृष्टिबाधित खुशबू के लिए अमेरिका से विशेष लेंस मंगवाया जा रहा है, जिससे उसकी आंखों की रोशनी सुधर सकेगी। इस नेक पहल में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन आगे आए हैं। उन्होंने खुशबू की मदद के लिए 60 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। यही नहीं, विधायक सेन ने स्वयं उस चिकित्सक से भी बात की है जो खुशबू की आंखों का उपचार करने वाले हैं। 22 वर्षीय खुशबू साई कॉलेज, सेक्टर-6 भिलाई में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है। उसकी आंखों की रोशनी बचपन से कमजोर रही है। वह किताबों को लगभग आंखों के सामने रखकर पढ़ाई करती है। विधायक सेन की पहल से खुशबू का उपचार अब संभव हो सका है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक जैन के अनुसार, विशेष लेंस लगाने के बाद खुशबू की दृष्टि में काफी सुधार आएगा और वह सामान्य रूप से पढ़-लिख सकेगी। खुशबू ने कहा कि उसे विश्वास नहीं हो रहा कि अब वह दुनिया को साफ़ देख पाएगी। लेंस लगने के बाद वह सबसे पहले विधायक को धन्यवाद देगी और ताजमहल व कुतुब मीनार देखने जाएगी। उसने बताया कि वह एम कॉम की परीक्षा देने के साथ-साथ बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाना चाहती है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेगी।

## एक नजर

### नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर होगी कार्रवाई



**भिलाई, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में आरपीएफपुलिस जागरूकता अभियान चलाकर लाउड हेलर से घोषणा कर यह समझाइश दी कि कोई भी वाहन चालक नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा न करे तथा केवल रेलवे ने निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें निर्देशों की अवहेलना कर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 159 के अंतर्गत कार्रवाई भी की गई। इसके अतिरिक्त सर्कुलेटिंग एरिया में भी प्रत्येक पाली में स्टाफकी तैनाती की जा रही है इससे यात्रियों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो भिलाई तीन आरपीएफटीआई मनीष कुमार एवं अन्य बल सदस्यों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों में स्वास्थ्य व पोषण जागरूकता बढ़ाई

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कबीरधाम में पोषण माह 2025 के अंतर्गत बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ÷पोषण वाटिका÷, ÷स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान÷ और ÷राष्ट्रीय पोषण मिशनः एक अभियान÷ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। लगभग 131 विद्यार्थियों और 17 शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए पोस्टर भी बनाए, जिससे उनकी रचनात्मकता के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सही आहार, संतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को भविष्य में भी जारी रखने और बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देने का संकल्प व्यक्त किया।

### डीएमएफ मद अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 6 अक्टूबर को

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** जिला खनिज न्यास (डी.एम.एफ) कबीरधाम अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया गया है। कलेक्टर सह अध्यक्ष डी.एम.एफ कबीरधाम के अनुमोदन पश्चात् डी.एम.एफ मद अंतर्गत रेडियोलॉजिस्ट, गायनेकोलॉजिस्ट, सर्जन तथा स्टॉफनर्स के कुल 7 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेजों सहित 06 अक्टूबर 2025 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कबीरधाम में आयोजित वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं। रेडियोलॉजिस्ट, गायनेकोलॉजिस्ट तथा सर्जन के प्रत्येक पद के लिए एक लाख पचास हजार रुपये मासिक मानदेय तथा स्टॉफनर्स के चार पदों के लिए बारह हजार रुपये प्रतिमाह का पारिश्रमिक डी.एम.एफ वेतनमान के अनुसार स्वीकृत किया गया है। पंजीयन का समय दोपहर 11:00 से 1:30 बजे तक, पात्र सूची का प्रकाशन दोपहर 3 बजे तक, दावा आपत्ति के लिए 2 बजे से 2.30 तक निर्धारित किया गया है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने सितम्बर में कई उत्पादन कीर्तिमान किए स्थापित

## इस्पात गलनशाला-3 ने 1,16,493 टन ब्लूम उत्पादन कर बनाया नया रिकॉर्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सितम्बर माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्पादन और प्रेषण के क्षेत्र में अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस्पात गलनशाला-3 ने 1,16,493 टन ब्लूम उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो सितम्बर 2024 में प्राप्त 1,14,404 टन के पिछले सर्वोत्तम आंकड़े से अधिक है। इसी तरह, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) ने भी उत्कृष्ट उपलब्धियाँ दर्ज करते हुए 1,33,366 टन फिनिश्ड रेल्स और 1,22,081 टन प्राइम रेल्स का उत्पादन किया, जो क्रमशः सितम्बर 2020 के 1,23,309 टन और 1,09,717 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है।

लॉन्ग रेल कॉम्प्लेक्स (एलआरसी) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 98,238 टन का कुल लॉन्ग रेल उत्पादन दर्ज किया, जो सितम्बर 2023 में प्राप्त 84,322 टन के सर्वोत्तम आंकड़े से अधिक है। प्रेषण के क्षेत्र में भी संयंत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। यूआरएम में लॉन्ग रेल्स लोडिंग 81,719 टन तथा कुल लॉन्ग रेल लोडिंग



96,744 टन तक पहुँची, जो क्रमशः 74,198 टन और 86,406 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। प्राइम रेल्स का कुल लोडिंग आंकड़ा 1,18,428 टन तक पहुँचा, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। वहीं सेलेबल स्टील की लोडिंग 4,72,628 टन रही, जो सितम्बर 2023 के 4,30,344 टन के रिकॉर्ड को पार करती है। तकनीकी मापदंडों में भी संयंत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की।

ब्लास्ट फर्नेस-6 में सीडीआई दर 118 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल रही, जो सितम्बर 2022 के 114 किलोग्राम के पिछले सर्वोत्तम प्रदर्शन से अधिक है। ब्लास्ट फर्नेस उत्पादकता (1-8) 1.91 टन प्रति घनमीटर प्रति दिवस रही, जो संयंत्र की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता के निकट है। श्रम उत्पादकता भी बढ़कर 729 टन प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई, जो सितम्बर 2023 के 625 टन के आंकड़े से अधिक है।

# आम का पेड़ काटने पर विवाद वृद्धा ने लगाई न्याय की गुहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** नेहरूनगर ईस्ट स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. आर. के. मंगल के निवास में आम का हरा पेड़ कटवाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना को लेकर डॉ. मंगल की धर्मपत्नी अनुराधा मंगल (81) ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में श्रीमती मंगल ने बताया कि उनके पड़ोसी शशांक रस्तोगी ने हाल ही में उनके घर के परिसर में लगे आम के हरे पेड़ को कटवा दिया। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो उनके साथ शाब्दिक विवाद हुआ और कथित तौर पर धक्का-मुक्की एवं



मारपीट की गई। वृद्धावस्था के बावजूद उन्हें धक्का दिए जाने की बात भी शिकायत में दर्ज की गई है। श्रीमती मंगल ने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त पेड़ उनके परिवार ने वर्षों पहले लगाया था और वह पूरी तरह स्वस्थ था। उनके अनुसार बिना अनुमति किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे कटवाना असंवैधानिक और आपत्तिजनक है। इस मामले में स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के विवादों में अक्सर आपसी संवाद की कमी और सीमा निर्धारण की अस्पष्टता से स्थिति बिगड़ जाती है।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 8 लाख की वसूली, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 8 लाख देकर वसूल करने वाले आरोपी को पुरानी भिलाई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 308 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है पुरानी भिलाई अंम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि पुरानी भिलाई थाने में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी उमाशंकर भारती उसे ब्लैकमेल कर 8 लाख रुपये देने के बाद भी और पैसे की मांग कर रहा है। और नहीं देने पर वाट्सऐप एवं इस्टाग्राम में फोटो को ऐप में डाल के वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहा है। रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया विवेचना के दौरान



पेट्रोलिंग टीम के साथ आरोपी की तलाश की तो पता चला कि आरोपी उमाशंकर को साहू होटल में चाय पीते देखा गया है। तत्काल पुलिस टीम साहू होटल के पास पहुंचकर आरोपी उमाशंकर भारती को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया पुलिस ने आरोपी उमाशंकर भारती उर्फदादू (27 साल) निवासी ग्राम उमदा को गिरफ्तार कर लिया है।

# श्रीरामलला दर्शन से लौटे यात्रियों का उपमुख्यमंत्री कार्यालय में किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** श्रीरामलला दर्शन(अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत जिला कबीरधाम से 1 अक्टूबर को 71 यात्रियों को रवाना किया गया था, जो अयोध्या, कांशीविश्वनाथ, बनारस के दर्शन उपरांत आज 5 अक्टूबर को वापस कवर्धा पहुंची।

वापसी के दौरान जिले के समस्त दर्शनार्थियों का स्वागत उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री कार्यालय कवर्धा किया गया, जहां उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी यात्रियों से उनके अनुभवों को साझा किया एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उक्त कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति ठुह्द्ठुस्रह्न साहू एवं नरेन्द्र मानिकपुरी कार्यालय प्रमुख, उपमुख्यमंत्री कार्यालय कवर्धा उपस्थित थे।

# एसईसीएल की मनमानी से ट्रांसपोर्टरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

## खस्ताहाल सड़कों से रहवासियों को हो रही भारी परेशानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 5 अक्टूबर।** ट्रांसपोर्टरों ने हमारे संवाददाता से चर्चा के दौरान बताया की खस्ता हाल सड़कों से सभी परेशान है। एसईसीएल छाल माइंस के खस्ता हाल मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे ट्रांसपोर्टरों के लिए किसी महाभारत की लड़ाई से कम नहीं है।

एसईसीएल स्थिति सुधारना नहीं चाहता उसका खामियाजा ट्रांसपोर्टरों के साथ ही डीओ धारकों को भी भुगतना पड़ रहा हैं। डीओ का उठाव नहीं होने के कारण डीओ लेप्स हो रहे है, इससे एसईसीएल को क्या फर्क पड़ता है। वे तो डीओ धारकों से अपना हिस्सा लेलेते हैं, डीओ धारक मरे चाहे जिए इससे कोई मतलब नहीं है। जहां एक दिन में खदान से लोड होकर जितनी गाड़िया निकलनी चाहिए अव्यवस्था के कारण थोड़ी बहुत गाड़ियां ही निकल पा रही हैं। ट्रांसपोर्टरों ने यह भी बताया खदान की स्थिति बहुत खराब होने की वजह से लोड गाड़ी निकालना जान जोखिम में डालना है। दूसरी तरफ विभाग द्वारा संचालित खनिज ऑनलाइन अन्तर्गत प्रोडक्शन सर्वर का डाटा माईग्रेशन तथा त्न-द्यद्ब1द्व किया जाना हैं। उपरोक्त दोनों कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। तत्संबंध में दोनों चरणों को पूर्ण करने हेतु खनिज ऑनलाइन के प्रोडक्शन सर्वर डाउनटाइम की प्रस्तावित तिथि प्रथम चरण दिनांक 20.08.2025 समय 1.00 बजे से 3.00 बजे तक कुल दो घंटे तथा द्वितीय चरण दिनांक 24.08.2025 समय 12.01 बजे से 3.00 बजे कुल 15 घंटे की समय अवधि में खनिज ऑनलाइन का सर्वर डाउन होने के फ्लस्वरूप पोर्टल से संपादित होने वाले समस्त खनिज गतिविधियां प्रभावित रहेगी। इसका (संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित) हैं, एसईसीएल के अड़ियल रवैए के कारण पहले भी डीओ लेप्स हो चुके है। अब 9 अक्टूबर और 12 अक्टूबर तक डीओ परिवहन करने का लक्ष्य निर्धारित हैं किन्तु एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारियों के बनाएं बड़े-बड़े गड्ढे, कभी सर्वर डाउन, कभी कोई खराबी के कारण चक्का जाम की स्थिति निर्मित होती रहती हैं।

जिसके कारण डीओ समय अवधि में कैसे पूरा होगा इसका जवाब तो छाल सब एरिया मैनेजर एवं नोडल अधिकारी ही दे सकते हैं, एसईसीएल के कर्मचारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की जब से विभाग द्वारा संचालित खनिज ऑनलाइन का कार्य चल रहा हैं सर्वर डाउन चलने का खेल रुक नहीं रहा हैं, जिसके कारण ऐसी स्थिति निर्मित हो रही हैं। यह जानकारी मिल रही है कि सबएरिया मैनेजर लोगों की समस्याएं सुनने के बजाय कही चले गए है।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** महमरा निवासी दीपेश कुमार निषाद ने पुलिस में शिकायत की थी कि नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। इस तरह के आठ मामले सामने आए हैं। यहां तक कि फर्जी नियुक्ति आदेश भी जारी किया गया है इस पर पुलगांव पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की और मनोज कुमार साहू (40), निवासी, अंजोरा, पुलगांव, रजत



वर्मा (25) भिलाई नगर, मुकेश वर्मा (53), भिलाई नगर और महेश हिरावं (63) निवासी, हरिनगर, मोहन नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय और फिर जेल भेजा गया। अंजोरा चौकी प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि दीपेश उनके गांव के मनोज साहू ने अपने साथी मुकेश वर्मा व भांजा रजत वर्मा के साथ मिलकर खाद निरीक्षक के पद पर नौकरी लगाने के लिए चार लाख रुपए की मांग की दो लाख नकद व शेष ऑनलाइन दिए गए इसके बाद फर्जी नियुक्ति आदेश को वाट्सऐप किया गया मनोज था मास्टर माइंड पूछताछ के दौरान आरोपियों ने रकम वसूल कर धोखाधड़ी करना कबूल किया वे आठ लोगों से खाद निरीक्षक, पर्यवेक्षक, चपरासी जैसे पदों के लिए करीब 22 लाख वसूले थे। पुलिस ने बताया कि इसका मास्टर माइंड मनोज कुमार साहू था रजत वर्मा और मुकेश वर्मा से फर्जी दस्तावेज व मोबाइल, फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने वाले टाइपिंग सेंटर संचालक महेश हिरावं को सेक्टर - 6 भिलाई ए मार्केट से गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ली बैठक

# 7 अक्टूबर तक जिला स्तरीय प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

■ **जिले के 275 गांवों का विजन प्लान जिला स्तर पर संकलित कर शासन को भेजा जाएगा**

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तैयार किए गए 275 गांवों के विलेज विजन प्लान-2030 को जिला स्तरीय संकलन और समीक्षा के लिए आज कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत



कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से जिले के 275 गांवों का विलेज विजन प्लान-2030 तैयार कर लिया गया है। यह योजना ग्रामवासियों और शासन-प्रशासन के सामूहिक सहयोग से बनी है। विशेष ग्राम सभाओं में 2 अक्टूबर को इन योजनाओं को पारित किया गया।

कलेक्टर वर्मा ने विलेज विजन प्लान को संकलित कर जिला स्तरीय योजना तैयार करने के लिए जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारियों बैठक लेकर निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर बने प्लान को ब्लॉक स्तर पर संकलित कर जिला स्तरीय विजन प्लान तैयार किया जाए और इसे 7 अक्टूबर तक प्रस्तुत किया जाए।कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर पर संकलन और समीक्षा पूर्ण करने के बाद इस प्लान को 12 अक्टूबर के पहले राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

### राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर जिले के तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समय सीमा से बाहर लंबित मामलों का समाधान अविलंब किया जाए और किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी श्री संदीप ठाकुर, श्री सागर सिंह, श्री चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर वर्मा ने जिले में राजस्व प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न तहसीलों में कुल दर्ज प्रकरणों में चालू माह में 276 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों का शीघ्र निपटान, तीन से पांच वर्ष पुराने प्रकरणों का तीन दिवस के भीतर निराकरण तथा एक से तीन वर्ष पुराने 435 प्रकरणों का निपटान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि प्रकरणों की समयबद्ध समीक्षा और निराकरण जिले की शासन प्रणाली की पारदर्शिता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में किसी प्रकार की अनदेखी या विलंब शासन के दृष्टिकोण और जनता की सुविधा के खिलाफहोगा। कलेक्टर वर्मा ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि जिले के नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके।

## एक नजर



**तिल्दा नेवरा, 05 अक्टूबर।** बी.एन.बी.स्कूल में आयोजित विकासखंड स्तरीय युवा सांसद प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा पार्षद रानी सौरभ जैन मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।यहां बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया गया।

### सूर्य मित्र संकाय के लिए प्रशिक्षण आवेदन

**बालोद, 05 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत सोलर पैनल इंस्टालर (सूर्य मित्र) संकाय के अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित की गई है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के इच्छुक हितग्राहियों के लिए सोलर पैनल इंस्टालर (सूर्य मित्र) संकाय के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक हितग्राही जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, (शास. आई.टी.आई. छात्रावास) बालोद में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आधार कार्ड, जाति, निवासी प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति के साथ आवेदन जमा कर सकते है।

### ग्राम सभा मेंम विलेज विजन कार्ययोजना का वाचन

**बालोद, 05 अक्टूबर।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के डौंडी, बालोद एवं गुरुर विकासखंड में ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर विलेज विजन 2030 कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के सभी चयनित ग्रामों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जाने हेतु शासन के सभी विभागों ग्राम के स्व सहायता समूह तथा गांव के निवासियों के द्वारा गांव में आपसी विचार बीमार से पश्चात कार्य योजना तथा ग्राम विकास योजना का निर्माण किया गया। उल्लेखनीय है कि आज विकासखंड डौंडी के आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों में 11 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार डौंडीलोहारा के 50 गांव एवं गुरुर विकासखंड के 02 और बालोद विकासखंड के 05 गांव में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर गांव में तैयार किए गए कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान गांव के विकास में सहयोग हेतु ग्रामीणों द्वारा आदि शपथ लिया गया।

### आवास स्वीकृत होने एवं जियो टैगिंग के बाद हितग्राही को राशि जारी



**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में नाम होने एवं आवास स्वीकृति की प्रत्याशा में हितग्राही द्वारा स्वयं के राशि से आवास निर्माण शुरू किया एवं आवास स्वीकृत होने पर किश्तों में राशि जारी किया गया। जनपद सीईओ सिमगा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लावर के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राही अनुसईया जोशी पति मनीराम जोशी का नाम प्रधामंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में होने के कारण एवं आवास स्वीकृति की प्रत्याशा में स्वयं के व्यय से आवास का निर्माण कराया गया। प्रथम किश्त की राशि मिलने के पूर्व लिंटल लेवल एवं द्वितीय किश्त मिलने के पूर्व छत पूर्ण कर लिया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा सहमति मिलने पर सभी स्तर का जियो टेग कर आवास की राशि जारी किया गया है।

# अरुण साव ने दी बीरगांव नगर निगम को विकास कार्यों की सौगात

## विधायक मोतीलाल साहू की पहल पर सभी 40 वार्ड का होगा कायाकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 05 अक्टूबर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बीरगांव नगर निगम में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु नगर उत्थान योजना अंतर्गन 27 करोड़ रूपए एवं अधो संरचना मद में 6 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू की पहल पर बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्ड में बुनियादी नागरिक सुविधाओं के उन्नयन हेतु यह स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्थानीय सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में विभाग द्वारा मिली इस स्वीकृति को हर वार्ड में सड़क,नाली,जल निकासी और बुनियादी ढांचे के उन्नयन की दिशा में इसे ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है ।बीरगांव नगर निगम द्वारा निर्माण कार्यों के लिए प्रक्रिया तत्काल शुरू की जा रही है।





बीरगांव नगर निगम आयुक्त श्री युगल किशोर उर्वशा के अनुसार बीरगांव नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विभिन्न विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव तैयार कर नगरीय प्रशासन संचालनालय को प्रेषित किया गया था।स्थानीय विधायक श्री मोतीलाल साहू ने सभी 40 वार्ड में कांक्रीटीकरण, सी सी रोड, नाली निर्माण, पेवर, उद्यान रखरखाव आदि कार्यों हेतु प्रस्ताव अग्रेषित किया था ।इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव ने तत्काल अपनी स्वीकृति देते हुए अधो संरचना मद अन्तर्गन राशि 6 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है.

आयुक्त श्री उर्वशा ने आगे बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर बीरगांव नगर उत्थान योजना के तहत लगभग 27 करोड़ रूपए की स्वीकृति भी नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दी गयी है, जिसके माध्यम से बंधवा तालाब नाला तक सड़क चौड़ीकरण, नाला निर्माण, शनिमंदिर के फ़िल्टर प्लांट होते हुए कन्हेरा मोड़ तक बायपास सड़क निर्माण जैसे कार्य किये जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियां तेज़ी से बढ़ेंगी । उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा रही है एवं 6 माह के भीतर में सभी कार्य पूरे किए जाने की योजना है।

# बालोद के गोपाल यादव विश्व स्तर पर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**विश्व वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप, बाली इंडोनेशिया के लिए चयनित**

**बालोद, 05 अक्टूबर।** निवासी गोपाल यादव पिता श्री सुशील यादव का चयन 8वीं विश्व वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिये किया गया है जिनका आयोजन 1 से 8 नवम्बर 2025 तक बाली, इंडोनेशिया में किया जाना है। गोपाल फाइट इवेंट के 68 से 72 किलोग्राम वजन वर्ग में भाग लेंगे। गोपाल यादव का चयन 14वीं राष्ट्रीय वोविनाम चैंपियनशिप में लिए गये चयन ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। साथ ही गोपाल यादव ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय निर्णायक की परीक्षा भी पास की है। छत्तीसगढ़ वोविनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश देवांगन ने गोपाल यादव के माध्यम से बताया कि वोविनाम खेल वियतनाम का राष्ट्रीय खेल है जिसे ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया से मान्यता प्राप्त है एवं ओलिम्पिक कॉउंसिल ऑफ एशिया द्वारा आयोजित एशिया स्तर के इंडोर एशियन मार्शल आर्ट गेम्स, एशियन बीच गेम्स जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में समय समय पर शामिल किया गया है तथा 2022 तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की खेल लिस्ट में शामिल था।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर हादसा पीड़ित परिवारों को 32 लाख की दी गई आर्थिक सहायता



**जशपुरनगर, 5 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बगीचा विकासखंड के जुरुडांड में गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मृतकों एवं घायलों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 32 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। विदित हो कि इस हृदयविदारक घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई थी, जबकि 24 अन्य घायल हुए थे। मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को घायलों की समुचित चिकित्सा सुविधा और आवश्यक मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। आज प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने जुरुडांड में घर-घर जाकर पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना और मृतक के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और हादसे में घायल हुए लोगों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मुआवजा वितरण के दौरान मुकेश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सीदाम, जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, हरिश आरीक, मंडल उपाध्यक्ष बंधर यादव, तहसीलदार महेश्वर उईके, नायब तहसीलदार मिश्रा अन्य तहसील स्टाफ सहित सरपंच और ग्रामवासी मौजूद रहा।

# गांधी जयंती पर पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित

**आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम कार्य पुस्तिका तथा विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन**



**राजनांदगांव, 5 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न ग्राम स्वच्छता अभियान चलाकर चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में आदि सेवा पर्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भवन में संचालित आदि सेवा केन्द्र के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन लिया गया तथा ग्राम सभा में प्राप्त आवेदनों का पात्रतानुसार निराकरण किया गया। जिसमें आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम कार्य पुस्तिका तथा विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन किया गया।

ग्राम सभा में ग्राम पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन की स्थिति का वाचन किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा की गई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत किये जाने वाले संपूर्ण कार्यों की सूची का वाचन किया गया। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों के सत्यापन के संबंध में कार्रवाई की गई।

# शतरंज स्पर्धा के विजेता किए गए पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 05 अक्टूबर।** 04.10.2025 को प्रातः 08:00 बजे से इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओपन शतरंज प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 में वर्ष प्रवेश पर्व एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर यातायात जागरूकता, साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा,श्री अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, श्रीमती सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, जिला कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, श्री गणेश धम्मशील वन मंडलाधिकारी के मुख्य अतिथ्य में दीप प्रज्वलन कर ओपन शतरंज प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया।

ओपन शतरंज प्रतियोगिता प्रातः 08:00 बजे से लेकर रात्रि 08:00 बजे तक लगातार चलती रही, जिसमें 15 वर्ष से कम बालक एवं बालिका वर्ग तथा 15 वर्ष से अधिक महिला एवं पुरुष वर्ग में कुल 07 राउंड में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम बालिका वर्ग में अदिति पांडे ने प्रथम पुरस्कार जीता तथा द्वितीय स्थान में नित्या वैष्णव रहीं तथा बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार लक्ष्य गुप्ता ने जीता तथा प्रांजल सिंह उपविजेता रहे। इसी प्रकार 15 वर्ष से अधिक आयु महिला वर्ग में भाग्यश्री पटेल विजेता तथा रोशनी साहू उपविजेता रहीं एवं पुरुष वर्ग में रूपेश कुमार मिश्रा ने विजेता का खिताब जीता तथा वैभव साहू द्वितीय स्थान पर रहे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, ट्राफी एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता के तहत हेलमेट का वितरण किया।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना जिले के 4 रूटों पर शुरू होंगी बसें



**जशपुरनगर, 5 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत अब जशपुर जिले में भी बसों का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। आज बस्तर और सरगुजा संभाग के सभी जिलों में बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसी कड़ी में जिले में 4 रूटों पर बस का संचालन किया जाएगा। कल 05 अक्टूबर निर्धारित समय पर बसें संचालित होंगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत जिले में दुलदुला से अबिरा, पत्थलगांव से बुलडेगा, कैलाशगुफा से बगीचा और सन्ना से चम्पा रूट पर बस का संचालन किया जाएगा। इससे जिले के ग्रामीण अंचलों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी और आमजन को आवाजाही में बड़ी सहूलियत मिलेगी। आज रणजीता स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव,जनपद पंचायत दुलदुला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा एवं प्रशांत कुशवाहा, सीईओ जनपद पंचायत लोकहित भगत,बस संघ अध्यक्ष केदार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामसभा में कई विषयों पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से शुरू हुए विशेष ग्रामसभा में अधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित एजेंडा पर चर्चा एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को बलौदाबाजार विकासखंड के को ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा की ग्रामसभा में एसडीएम प्रकश कोरी, उप संचालक पंचायत, सरपंच अजय गर्ग की उपस्थिति में में ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी और ग्राम के लगभग 65 लोगों की उपस्थिति में सभी विषयों पर चर्चा की गई। इसीतरह अन्य पंचायतों में भी जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी ग्रामसभा में उपस्थित हो रहे हैं।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने की प्रतिनिधियों से चर्चा



**जशपुरनगर 5 अक्टूबर।** जिला जशपुर में विगत दिवस राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार बोर्ड के सदस्य प्रकाश मोदी का आगमन हुआ। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले में अल्पसंख्यक समुदायों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक सहभागिता का मूल्यांकन करना तथा जन समस्याओं को समझते हुए उनके निराकरण के लिए पहल करना था।

जशपुर आगमन के उपरांत श्री मोदी ने कलेक्टर रोहित व्यास से सौजन्य मुलाकात की तथा जिला पंचायत के सभाकक्ष में अल्पसंख्यक समुदाय जैसे जैन, ईसाई, सिख, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले की सामाजिक स्थिति, शिक्षा, स्वास्थ्य, अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की स्थिति जैसे विभिन्न मुद्दों तथा शासन की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

बैठक के दौरान श्री मोदी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज की प्रगति किसी भी जिले की समग्र प्रगति के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हुए आयोग हर संभव प्रयास करेगा कि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

श्री मोदी द्वारा सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया की आयोग स्तर पर इन मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी तथा जिले स्तर की समस्याओं के संबंध में उपस्थित समाज के लोगों को अपर कलेक्टर के द्वारा समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आश्वस्त किया गया ।

# जिले में पहली बार आयोजित ओपन शतरंज चैम्पियनशिप में 200 प्रतिभागी हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** रजत जयंती महोत्सव एवं यातायात, नशामुक्ति व साइबर जगरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में पहली बार ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर ओपन चेस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया। इस चेस चैम्पपियनशिप में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए।जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभागियों को भावी चैम्पियन बनने की बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि जायसवाल जिले में ओपन चेस के आयोजन प्रशासन की अच्छी पहल है।पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात जागरूकता के साथ ही साइबर जागरूकता आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते है। इस तरह के आयोजन से युवाओं में जागरूक बढ़ती है। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए ऐतिहासिक है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि समय -समय पर इस तरह के आयोजन हो जिससे जनता एवं युवाओ को प्रशासन से जुड़ने का अवसर मिल सके। जिले में अन्य आयोजन के लिए कार्ययोजना बना ली गई है जो विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जाएगा। शासन की मंशानुसार सामूहिक सहभागिता से जिले में विकास को आगे बढ़ाना है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि पहली बार जिले में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप क़ा आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला शतरंज संघ का गठन भी हो रहा है जो जिले के लिए मील का पत्थर साबित होग़ा। उन्होने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जिसमें खिलाडी जीतता है या सीखता है।यह हमारे मेन्टल को फोकस करता है और जीवन को दिशा देता है। इस खेल में किसी भी उम्र के व्यक्ति हिस्सा ले सकता है।जिले के खिलाडी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे और इस खेल में परचम लहराएंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, डीएफओ गणवीर धम्मशील, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम प्रकाश कोरी,राज्य चैस एसोसियशन के सचिव हेमंत खूंटे, रैफरी रॉकी देवांगन सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खिलाडी उपस्थित थे।

# विशेष ग्राम सभाओं में एग्रीस्टैक डिजिटल फसल सर्वेक्षण, गिरदावरी सूची का किया जा रहा पठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 05 अक्टूबर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का बालोद जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पठन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफवर्ष 2025-26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया है। जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं। आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की, देवारभाट, डौंडी विकासखंड के ग्राम बोरगांव, उकारी, डौंडीलोहारा विकासखंड के खैरा, तुमडीसुर, गहिरानवागांव एवं गुरुर विकासखंड के दुपचेरा, पीरीद, आड़ेझर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू-नक्शों के जीव-रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

## संपादकीय

# अब सरेंडर ही एकमात्र विकल्प

बस्तर में पहले नक्सली सबसे गंभीर समस्या थी। जो भी सरकार सत्ता में रही उससे निपटने का प्रयास करती थीं लेकिन कोई यह कल्पना तक नहीं करता था कि उनका सफाया किसी तय तारीख तक किया जा सकता है। देश व प्रदेश में सरकार बदलने पर यह सोचा गया कि आतंकवाद व नक्सली समस्या का क्या समाधान हो सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री ने पहले आतंकवाद की समस्या का समाधान किया। 2014 के पहले देश के राज्यों में आए दिन बम धमाके होते थे। आतंकवादी हिंसा में लोग मारे जाते थे। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद से सफाए के बाद नक्सलवाद के सफाए की सोची। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर योजना बनाई गई। नक्सलवाद के सफाए का एक लक्ष्य तय किया कि मार्च 2026 तक नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा और इस योजना पर पूरी गंभीरता से सभी राज्यों में अमल किया गया। नक्सलियों को एक विकल्प दिया गया कि वह सरेंडर करें। अमित शाह व साय सरकार ने नक्सली समस्या के समाधान के लिए जो भी प्रयास संभव हो सकते थे, वह सब किया। साय सरकार ने नक्सलियों के पुनर्वास के लिए सबसे बेहतर योजना बनाई और नक्सलियों से साफ कह दिया गया कि उनके पास एक ही विकल्प है कि वह सरेंडर करें। यदि वह सरेंडर नहीं करते हैं तो वह मारे जाएंगे। अमित शाह की नक्सलियों के सफाए के लिए एक लक्ष्य तय कर दिए जाने से नक्सलियों को पहली बार लगा कि यह सरकार वाकई में उनके सफाए के लिए गंभीर है। साय सरकार को गृहमंत्री ने तारीख दे दी तो साय सरकार ने नक्सलियों के सफाए के लिए बड़े आपरेशन चलाए गए और नक्सलियों के बड़े बड़े नेताओं को घेर कर मारा गया। बस्तर में आज तक नक्सलियों के बड़े नेता मारे नहीं जाते थे, ईनामी नक्सली मारे नहीं जाते थे, जब यह आपरेशन चलाकर मारे जाने लगे तो नक्सलियों में पहली बार बस्तर में मारे जाने का डर पैदा हुआ और इसी डर के कारण बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करने लगे। हाल में एक साथ 71 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह के आने के पहले 103 नक्सलियों ने सरेंडर किया। साय सरकार ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि वह बस्तर के जो लोग नक्सली संगठन में है, उनको सरकार गोली नहीं मारना चाहती है, सरकार तो बगैर गोली चलाए बस्तर की नक्सली समस्या का समाधान करना चाहती है, इसलिए वह चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग तय तारीख से पहले सरेंडर करें। नक्सली भी अब स्वीकार कर रहे हैं कि सरकार की सरेंडर की नीति व बेहतर नक्सली पुनर्वास योजना के कारण बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं, इससे बस्तर सहित आसपास के राज्यों में नक्सली संगठन कमजोर हुआ है क्योंकि जितनी बड़ी समस्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं, नक्सली उतनी संख्या में भर्ती नहीं कर पा रहे हैं। अमित शाह ने इस बार के अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान एक बार फिर साफ कर दिया है कि नक्सलियों के पास मार्च 26 तक का समय है कि वह सरेंडर कर दें, वह सरेंडर करते हैं तो उनका रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया जाएगा। नक्सलियों से कोई बात नहीं की जाएगी। यदि वह सरेंडर नहीं करते हैं तो वह बच नहीं सकते यानी वह मार दिए जाएंगे। अमित शाह की सरेंडर करो या मारे जाओ की सख्त नीति के चलते नक्सली नेताओं के दो गुट बन गए हैं। एक गुट का कहना है कि सरकार की नीति अच्छी है, नक्सलियों को सरेंडर मुख्य धारा में शामिल होना चाहिए दूसरे गुट का कहना है कि नक्सलियों को सरेंडर नहीं करना चाहिए। अमित शाह ने साफ कर दिया है कि मार्च 26 के बाद कोई नक्सली बस्तर में बचेगा नहीं,इस तारीख के बाद नक्सली बस्तर के विकास में बाधा नहीं होंगे। मार्च 26 के बाद सिर्फ बस्तर का विकास होगा। उन्होंने आदिवासियों से कहा है कि वह अपने गांव के युवकों को समझाएं कि वह हथियार डालकर समाज की मुख्य धारा में शामिल हों। इससे साफ है कि अमित शाह भी चाहते हैं कि सरेंडर के जरिए नक्सलियों का सफाया बस्तर से कर दिया जाए यानी बिना गोली चलाएं नक्सली समस्या का समाधान हो जाए तो सबसे अच्छा यही है। नक्सली सरेंडर नहीं करते हैं तो अब नक्सलियों के सफाए के लिए जितने दिन बचे है, उतने समय में नक्सलियों का पूरा सफाया कैसे किया जाएगा, इसकी योजना अमित शाह की मौजूदगी में बनाई जाएगी और तय तारीख तक नक्सलियों का सफाया करना है तो उसके लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** आज आपको बेवजह भागदौड़ लगी रहेगी, क्योंकि आप इधर-उधर के कामों में ज्यादा पड़ेंगे। आपको किसी सरकारी मामले में ढील देने से बचना होगा। नौकरी को लेकर आप अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं। आपकी दी गई सलाह परिवार में सदस्यों के खूब काम आएगी। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी टेंशन भी थोड़ा कम होगी।

**वृषभ** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको एक के बाद शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आप बेवजह किसी लड़ाई-झगड़े में न पड़ें, नहीं तो आप किसी कानूनी मामले में पड़ सकते हैं। परिवार में किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और एकजुटता बनी रहेगी। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीदारी के लिए बढ़िया रहेगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपकी अपने माताजी से कहासुनी होने की संभावना है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**कर्क** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या और द्वेष की भावना न रखें। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने के पूरी संभावना है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने बिजनेस से संबंधित किसी काम को लेकर वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान पढ़ाई लिखाई के लिए कहीं बाहर जा सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आप अपने कामों में पूरी मेहनत से डटे रहेंगे। जीवनसाथी को नौकरी में प्रमोशन आदि मिल सकता है। आपका कोई काम यदि धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आप आपके पिताजी आपको यदि कोई सलाह दें, तो उस पर अमल अवश्य करें। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**कन्या** आज का दिन सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। भाई बहनों से आपकी खूब पटेगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकते हैं, लेकिन आपकी सेहत गड़बड़ाएगी, जिसे लेकर आपको सावधान रहना होगा। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए कोई पछतावा हो सकता है। यदि आपकी कोई मन में इच्छा थी, तो उसके भी आज पूरे होने की संभावना है। आपको अपने कीमती सामानों की सुरक्षा करनी होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज आपको बिजनेस में किसी डील को लेकर पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। संतान आपके मनमाने व्यवहार को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आज आप अपनी घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आज आपकी शौक की चीजों में इजाफा होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आपका भगवान के भक्ति में खूब मन लगेगा और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी वापस मिल सकता है। आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर काफी सख्ती दिखाएंगे, जिससे वह समय से पूरे होंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने बॉस की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा। आपका पैतृक संपत्ति को लेकर कोई बंटवारा होने की संभावना है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें। आपको पारिवारिक मामलों को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी, तभी वह समय से समाप्त होती दिख रहे हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**मीन** आज के दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका मन इधर-उधर के कामों पर ज्यादा लगेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको सामाजिक कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है।

# गजा शांति योजना और विश्व के लिये अछूत देश बनता इस्राईल

**तनवीर जाफ़री**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों से ग़ज़ा को लेकर नई शांति योजना घोषित की गयी है। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप व इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित यह योजना ग़ज़ा में सैन्य संघर्ष को समाप्त करने और इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति स्थापित करने के लिए बनाई गई है। इस नई शांति योजना के अंतर्गत मुख्य रूप से ग़ज़ा को "आतंक मुक्त" और उग्रवाद-मुक्त क्षेत्र बनाने का लक्ष्य है, जिससे पड़ोसी देशों के लिए कोई ख़तरा न रहे और वहां पुनर्निर्माण व विकास कार्य शुरू हो सके। इस प्रस्तावित योजना के तहत इस्राईल अपनी सेना को चरणबद्ध तरीक़े से ग़ज़ा से हटाएगा, बशर्ते दोनों पक्ष यानी इस्राईल और हमास इस योजना को स्वीकार करें। सार्वजनिक रूप से दोनों पक्षों द्वारा इस योजना को स्वीकार करने के 72 घंटे के भीतर सभी बंधकों की रिहाई की बात कही गई है। प्रस्तावित समझौते के अनुसार हमास के क़ब्ज़े में रखे गये बंधकों की रिहाई के बाद इस्राईल भी क़रीब 250 फ़िलस्तीनी कैदियों सहित अन्य सैकड़ों गिरफ़्तार ग़ज़ा वासियों को रिहा करेगा। इसके अतिरिक्त ग़ज़ा में अस्थायी रूप से एक अंतरराष्ट्रीय शासी बोर्ड बनेगा, जिसकी अध्यक्षता स्वयं डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। शांति योजना के अनुसार हमास के जो सदस्य शांतिपूर्वक साथ रहने की शपथ लेंगे उन्हें तो मुआफ़ी दी जाएगी जबकि अन्य को सुरक्षित निकास या किसी इच्छुक देश में बसने का विकल्प मिलेगा। अमेरिका व इस्राईल द्वारा ग़ज़ावासियों पर 'थोपी' जा रही इस शांति योजना पर मुस्लिम देशों के रवैये में एक राय नहीं है। सऊदी अरब, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, क़तर, मिस्र, इंडोनेशिया और पाकिस्तान जैसे कई अन्य 'अमेरिका परस्त ' मुस्लिम राष्ट्रों ने इन शांति प्रयासों का समर्थन किया है तो ईरान और तुर्की जैसे देश इस योजना को 'अधूरी' और फ़िलिस्तीन के हक़ में अपर्याप्त मान रहे हैं। इन देशों का मानना है कि इस योजना से फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता और हमास की भूमिका सीमित हो जाती है। ईरान का मत है कि वह 'न्यायपूर्ण, संतुलित और स्थायी समाधान' के पक्ष में है और ग़ज़ा व फ़िलिस्तीन संबंधी किसी भी योजना में फ़िलिस्तीनी जनता की इच्छाओं व आकांक्षाओं की अनदेखी उचित नहीं है। ईरान ने इस योजना को 'चौंकाने वाला' और "फ़िलिस्तीनियों के जबरन विस्थापन का प्रयास" बताया है। जबकि कई अरब देश ऐसे भी हैं जिन्होंने अमेरिका के नेतृत्व वाली इस प्रक्रिया के स्थायित्व को लेकर संदेह ज़ाहिर किया है। इस योजना को लेकर



नेतन्याहू का मानना है कि इस योजना से उनके युद्ध के उद्देश्य पूरे होंगे। इस योजना के लागू होने से बंधकों की वापसी, हमास की सैन्य क्षमताओं का विघटन, और भविष्य में ग़ज़ा से कोई ख़तरा न रहना सुनिश्चित हो सकेगा। ख़बरों के अनुसार हमास ने भी दूर दृष्टि का परिचय देते हुये इस नई शांत योजनसा को स्वीकार कर लिया है।

ऐसे में एक बड़ा सवाल यह है कि ग़ज़ा जनसंहार के दोषी व ग़ज़ा शांति को लेकर पूरी दुनिया की अनदेखी करने वाले नेतेनयाहू को आख़िर इस नई शांति योजना के लिये अचानक क्यों राज़ी होना पड़ा। यह समझने के लिये हमें पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र पर नज़र डालनी होगी। दरअसल न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र महासभा में पिछले दिनों उस समय अजीब दृश्य देखने को मिला जब विश्व के इस सबसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच से इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपना भाषण देने के लिये जैसे ही खड़े हुये उसी समय उनके भाषण का विश्व के अधिकांश देशों द्वारा बहिष्कार किया गया। 193 देशों की इस महासभा में सैकड़ों देशों के प्रतिनिधि व राजनयिक अपनी कुर्सियां छोड़कर सदन से बाहर चले गए जिससे महासभा का काफ़ी बड़ा हिस्सा ख़ाली रह गया। उस समय नेतन्याहू के चेहरे पर परेशानी व असहजता के भाव साफ़ नज़र आ रहे थे। निःसंदेह यह दृश्य इस्राईल की वर्तमान आक्रामक नीतियों, विशेषकर उसके द्वारा ग़ज़ा में जारी सैन्य अभियान और इससे होने वाले जनसंहार, के प्रति वैश्विक असहमति व आक्रोश का प्रतीक बन था। इस घटना के उस व्यापक निहितार्थ को भी समझने की ज़रुरत है जिसमें इस्राईल व नेतन्याहू के सन्दर्भ में अंतर्राष्ट्रीयक़ानून, नैतिकता, राजनीति और भविष्य की वैश्विक व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। नेतन्याहू के भाषण के दौरान केवल अरब, मुस्लिम और औाक़ी देशों के प्रतिनिधि ही बाहर नहीं गए, बल्कि अनेक यूरोपीय व पश्चिमी देशों के राजनयिकों ने भी नेतन्याहू के भाषण के विरोध में मंच छोड़ दिया। दरअसल यह बहिष्कार इस्राईल की अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बढ़ती अलगाव और दुनिया की नज़रों में इस्राईल के 'अछूत ' बनने की स्थिति की ओर संकेत करता है।

नेतन्याहू इस समय अमेरिका संरक्षित विश्व के सबसे बड़े 'अपराधी ' राष्ट्राध्यक्ष व एक बदनाम नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। उनपर ग़ज़ा युद्ध में जनसंहार व युद्ध अपराध करने के आरोप हैं। इस व्यक्ति ने खाने के लिये लाइन में लगे भूखे लोगों पर, अस्पतालों पर शरणार्थी कैम्प्स पर अनेक बार बमबारी करवाई है। अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने उसके विरुद्ध गिरफ़्तारी वारंट जारी कर रखा है। नेतन्याहू के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने नवंबर 2024 में वारंट जारी किया है जिसमें उसे 'युद्ध अपराध' और 'मानवता के ख़िलाफ़ अपराध' का आरोपी ठहराया गया है । इन आरोपों में भुखमरी को हथियार बनाना, नागरिकों की हत्या करवाना , उत्पीड़न, और अन्य अमानवीय कृत्य शामिल हैं। नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय अदालत के सभी 125 सदस्य देशों की यात्रा के समय क़ानूनी तौर पर हिरासत में लिये जा सकते हैं। उधर ग़ज़ा व फ़िलिस्तीन की धरती को क़ब्ज़ा करने की फ़िराक़ में अपनी गिद्ध दृष्टि लगाये बैठे नेतन्याहू को दुनिया के कई प्रमुख देश एक के बाद एक झटके देते जा रहे हैं। मिसाल के तौर पर जिस फ़िलिस्तीन को इस्राईल स्वतंत्र राष्ट्र मानने को तैयार नहीं उसी फ़िलिस्तीन को ॊांस , यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई पश्चिमी देशों ने गत दिनों स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी। दरअसल संयुक्त राष्ट्र महासभा में पिछले दिनों नेतन्याहू के भाषण का विश्व के अधिकांश देशों द्वारा किये गये बहिष्कार की घटना ने जहां नेतन्याहू को ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नई शांति योजना को स्वीकार करने के लिये मजबूर किया वहीं कई प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा फ़िलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता दिया जाना भी नेतन्याहू के लिये एक बड़ा झटका साबित हुआ है। वास्तव में अपनी जनसंहारक नीतियों से नेतन्याहू इस्राईल को दुनिया की नज़रों में एक अछूत देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे थे।

# आपातकाल के अंधकार से शताब्दी के प्रकाश तक संघ की यात्रा

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



भारत का आधुनिक इतिहास अनेक उतार-चढ़ावों और संघर्षों से भरा हुआ है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद लोकतंत्र की रक्षा तक, कई संगठन और व्यक्तित्व देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। इनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसा संगठन है जिसने न केवल राष्ट्र निर्माण के सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में योगदान दिया, बल्कि कठिनतम परिस्थितियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भी अग्रणी भूमिका निभाई। विशेष रूप से 1975-77 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा थी। इस कालखंड ने संघ की संगठनात्मक क्षमता, साहस और राष्ट्रनिष्ठा को परखने का अवसर दिया। आज जबकि संघ अपने शताब्दी वर्ष (2025-26) की ओर बढ़ रहा है, यह स्मरण करना स्वाभाविक है कि आपातकाल के समय किए गए संघर्ष ने भारतीय राजनीति और समाज को किस प्रकार नई दिशा दी।

**आपातकाल की पृष्ठभूमि**–25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू करने की घोषणा की। आधिकारिक रूप से इसका कारण आंतरिक अशांति बताया गया, परंतु वास्तविक कारण राजनीतिक था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था, जिससे उनके प्रधानमंत्री पद पर संकट आ गया था। सत्ता बचाने के लिए उन्होंने संविधान की मूल भावना को ही दरकिनार करते हुए आपातकाल लागू कर दिया। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताएँ समाप्त कर दी गईं। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई, विरोध करने वाले लाखों लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। विपक्षी दलों के नेताओं के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं को भी निशाना बनाया गया। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह एक अंधकारमय काल था।

**संघ की परीक्षा और संघर्ष**–राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उस समय एक विशाल संगठन था। लाखों स्वयंसेवक गाँव-गाँव, शहर-शहर सामाजिक सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने में लगे हुए थे। आपातकाल लागू होते ही सरकार ने संघ को भी प्रतिबंधित कर दिया। हजारों स्वयंसेवक जेलों में डाल दिए गए। अनुमान है कि 1,00,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और लगभग 30,000 से अधिक स्वयंसेवक भूमिगत होकर गुप्त रूप से आंदोलन चलाते रहे। संघ की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उसने भयभीत हुए बिना लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाया। जहां विपक्षी दलों के कई नेता जेलों में बंद थे, वहीं संघ




के स्वयंसेवक भूमिगत होकर जनता को जागरूक कर रहे थे। वे गुप्त पत्रक निकालते, संदेश पहुँचाते और सत्याग्रह के माध्यम से जनता में प्रतिरोध की भावना जगाते। यह संगठनात्मक अनुशासन और साहस ही था कि पूरे देश में लोकतंत्र बचाने का अभियान जीवित रहा।

**भूमिगत आंदोलन और संगठनात्मक क्षमता**–आपातकाल के दौरान संघ ने अपनी मजबूत शाखा व्यवस्था और अनुशासित संगठन का उपयोग किया। हजारों कार्यकर्ताओं ने भूमिगत रहते हुए आंदोलन की मशाल जलाए रखी। दिल्ली, मुंबई, जयपुर, नागपुर, कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ जैसे बड़े शहरों से लेकर गाँव-गाँव तक संदेश पहुँचाए जाते रहे। केंद्र सरकार ने बार-बार यह दावा किया कि विरोध समाप्त हो चुका है, लेकिन संघ की गुप्त गतिविधियों ने सरकार की नींद हराम कर दी। यही कारण था कि इंदिरा गांधी सरकार ने संघ को विशेष रूप से निशाना बनाया और इसे कुचलने के लिए पूरी ताकत लगा दी। परंतु सत्य यह है कि जितना दमन बढ़ता गया, उतनी ही ताक़त से संघ का प्रतिरोध भी बढ़ता गया।

**लोकतंत्र की बहाली और जनता पार्टी की सरकार**–आपातकाल की 21 महीनों की अवधि ने जनता को यह सिखा दिया कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र का महत्व क्या होता है। जब 1977 में चुनाव की घोषणा हुई, तो पूरे देश में इंदिरा गांधी और कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश फूट पड़ा। संघ के स्वयंसेवकों ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मिलकर चुनाव प्रचार में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जनता पार्टी का गठन हुआ और उसे अप्रत्याशित विजय मिली। इंदिरा गांधी की करारी हार हुई। यह भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ था, जहां संघ ने न केवल लोकतंत्र की रक्षा की बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक धारा को भी मजबूत आधार प्रदान किया।

**समाज पर आपातकाल का प्रभाव**–आपातकाल का एक बड़ा सकारात्मक पहलू यह रहा कि इसने जनता को जागरूक कर दिया। नागरिक स्वतंत्रताओं के महत्व का बोध हुआ और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प और मजबूत हुआ। संघ ने इस जागरूकता को स्थायी बनाने के लिए समाज में व्यापक अभियान चलाए। आज भी जब लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की चर्चा होती है, तो आपातकाल का उदाहरण दिया जाता है। यह कालखंड इस बात का प्रतीक है कि किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र में सत्ता के दमन के विरुद्ध संगठित प्रतिरोध आवश्यक है।

**संघ की वर्तमान भूमिका और शताब्दी वर्ष का महत्व**–संघ आज अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन ने बीते सौ वर्षों में सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। आपातकाल के संघर्ष ने संघ की छवि को और भी प्रखर बनाया। आज संघ केवल शाखाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे अनेक क्षेत्रों में कार्यरत है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने व्यापक जनजागरण अभियान की योजना बनाई है। देशभर में लाखों स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। समाज के हर वर्ग तक पहुँचने का प्रयास होगा ताकि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरण को और मजबूत किया जा सके।

**संघ का संघर्ष और समर्पण**–आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षा थी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस परीक्षा में उत्तीर्ण होकर यह सिद्ध कर दिया कि संगठन की शक्ति ही परिवर्तन की सच्ची साथी होती है। हजारों स्वयंसेवकों ने जेल की यातनाएँ सहीं, भूमिगत रहकर संघर्ष किया और लोकतंत्र की लौ बुझने नहीं दी। आज जब संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तो यह केवल एक संगठन का उत्सव नहीं है बल्कि राष्ट्र की उस जीवटता का प्रतीक है जिसने हर संकट में लोकतंत्र और स्वतंत्रता को सर्वोपरि रखा। आपातकाल का संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है और यह संदेश देता है कि परिवर्तन की धारा को कोई भी सत्ता, कोई भी दमन लंबे समय तक रोक नहीं सकता।इस शताब्दी वर्ष में संघ केवल अतीत की गौरवगाथा का स्मरण ही नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण की दिशा भी तय कर रहा है। एक ऐसा भारत जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, सामाजिक रूप से समरस, और राजनीतिक रूप से सशक्त हो।

# शरद पूर्णिमा की खीर सेहत के लिए लाभदायक



शरद पूर्णिमा की खीर सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी मानी गई है। यह खीर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखती है, इम्यूनिटी बढ़ाती है, शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है और दूध व मेवों के गुणों से त्वचा व बालों को पोषण देकर मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार लाती है। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा के बेहद महत्व माना गया है। इस साल शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर यानी के कल मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा के दिन खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखने का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से खीर में अमृक के सामान गुण शामिल हो जाते हैं। शरद पूर्णिमा की रात खीर खाने से व्यक्ति को सेहत से जुड़े कई लाभ मिलते हैं। आइए आपको बताते हैं इस खीर का सेवन करने से हेल्थ को कई फायदे होते हैं।

**मजबूत पाचन तंत्र**–खीर में मौजूद दूध और चावल हल्के सुपाच्य होते हैं, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं। क्योंकि दूध में लैक्टोज और प्रोटीन होता है, जो पेट को शांत रखते हैं। वहीं चावल में स्टार्च मौजूद होता है जो कब्ज और अपच जैसी समस्याओं को दूर करता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली रखें अच्छी**–खीर में मेवे जरुर डालें जाते हैं जैसे कि बादाम, काजू, पिस्ता और केसर इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। ड्राई फ्रूट्स में विटामिन ई, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं। जबकि केसर में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रोगों से लड़ने में मदद करता है।

**एनर्जी मिलती**–खीर खाने से हाई एनर्जी मिलती है। यह शरीर को तुरंत ऊर्जा देती है। खीर बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले चावल में कार्बोहाइड्रेट और दूध में प्रोटीन और फैट होता है। यह शरीर की ताकत और ऊर्जा प्रदान करता है। चीनी तुरंत ग्लूकोज देता है, इससे थकान भी कम होती है।

**त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद**-खीर में दूध और मेवे मौजूद होते हैं, जिससे स्किन ग्लोइंग और बालों को मजबूत बनाते हैं। दूध में कैल्शियम और प्रोटीन त्वचा को पोषण प्रदान करता है। मेवों में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन ई त्वचा को नमी और बालों को मजबूत बनाता है।

**मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होती**–शरद पूर्णिमा वाली खीर खाने से तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। दूध में ट्रिप्टोफोन नामक अमीनो एसिड होता है, जो सोरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे मूड बेहतर होता है। केसर भी मूड को बेहतर करने के लिए बढ़िया होता है।

## सू- दोकू क्र.190

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.189 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## एक नजर

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सुहेला की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोपर में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?5170 कीमत मूल्य का 47 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- राहुल लहरी उम्र 21 साल निवासी ग्राम मोपर थाना सुहेला।

### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** इसी तारतम्य में आज दिनांक 03.10.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना गिधपुरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गाडाकुसमी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधपुरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- शेखर धृतलहरे उम्र 36 साल निवासी ग्राम गाडाकुसमी थाना गिधपुरी।

### मोडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने पर 5000 का लगा जुर्माना



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 5 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम मे थाना सिटी कोतवाल पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर मोटरसाइकिल चलाने वाले 01 वाहन चालक को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त वाहन के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर वाहन चालक से 5000 सम्मन शुल्क वसूल किया गया है।

### लोहे के रिंग लगे हुए ट्रैक्टरों का चालान काटा जाएगा

**दंतेवाड़ा, 05 अक्टूबर।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि टायरों में लोहे का रिंग लगे हुए ट्रैक्टरों का उपयोग खेतों में ही किया जाना चाहिए परन्तु यह पाया जा रहा है कि टायरों में लोहे का रिंग लगे हुए ट्रैक्टर सामान्य एवं सीमेंट के सड़को में अंधाधुंध चलाये जा रहे हैं, जो मोटर वाहन अधिनियम के विरूद्ध है। इसके अलावा इस आवगमन से न केवल सड़कें खराब हो रही है। साथ ही साथ दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों को सामान्य सड़कों में आवागमन किये जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत् चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# ब्लैक स्पॉट और चौक-चौराहे में रिफ्लेक्टर लगाकर चालकों को किया जाएगा सावधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### सड़क हादसा रोकने यातायात पुलिस के साथ सामाजिक संस्थाएं आई आगे



**जगदलपुर, 05 अक्टूबर।** बस्तर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को नियंत्रित वाहन चलाने जागरूक करने की दिशा में काम करते हुए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर रिफ्लेक्टर लगाकर वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास शुरू किया।

इस अभियान में जुनियर चेम्बर ऑफकामर्स के द्वारा जैपुर रोड कुम्हारपारा से होते हुए एयरपोर्ट चौक, केन्द्रीय विद्यालय तथा हुंडई शो रूम तक रिफ्लेक्टर लगाया जाएगा।

इस दौरान यातायात विभाग ने बताया कि यह कार्य आने वाले दिनों में जारी रहेंगे और आने वाले दिनों में शहर के अन्य सामाजिक संस्थाएं भी इस तरह के कार्यों में योगदान देंगे। बस्तर के सड़कों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट सहित कई संभावित दुर्घटना जन्य स्थानों में वाहन चालको को नियंत्रित वाहन चलाने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह कार्य किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विगत 15 दिनों में बस्तर जिले के विभिन्न सड़कों में ट्रकों और पिकअप जैसे मालवाहक वाहनों की ठोकर से 15 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

# आईईडी लगाने के दौरान हुए विस्फोट में एक महिला नक्सली हो गई घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ था क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा के जंगल में नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाया जा रहा था, उसी दौरान आईईडी में विस्फोट हुआ, जिसमें एक महिला नक्सली घायल हो गई है । इस घटना के बाद उनके अन्य साथी घायल महिला नक्सली का हथियार लेकर उसे जंगल में छोड़कर भाग गए ।

स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीम द्वारा घायल महिला नक्सली गुज्जा सोढ़ी को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक उपचार उपरान्त जिला अस्पताल बीजापुर पहुंचाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घायल महिला नक्सली गुज्जा सोढ़ी विगत 6ङ्क7 वर्षों से मद्देड़ एरिया कमेटी में एसीएम-कन्ना बुच्चना के साथ नक्सली सदस्य के रूप में सक्रिय रही है, तथा संगठन में 12 बोर हथियार धारित करती थी। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि समाज से भटके युवाओं से हम अपील करते है कि वे हिंसा के रास्ते को त्यागकर मुख्यधारा से जुड़ें, पुलिस हर संभव उनकी सहायता हेतु तत्पर है। गौरतलब है कि जहां एक ओर नक्सली संगठन अपने ही साथियों को संगठन छोड़ने पर मौत के घाट उतार रहे हैं, वहीं घायल या बीमार साथियों की उपेक्षा कर उन्हें जंगल में तड़पते हुए मरने के लिए छोड़ देते हैं। संगठन के भीतर न कोई मानवता है, न कोई सहानुभूति नक्सलियों की नीति है, लड़ो, या मरो जिसमें घायल साथियों को बोझ समझकर त्याग दिया जाता है। वही बड़े कैडर के नक्सली आपस में लड़ रहे है और निचले स्तर के नक्सलियों में बिखराव की स्थिति के परिणाम स्वरूप सैकड़ो की संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ बचे खुचे सक्रिय नक्सली अब भी आईईडी लगाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में लगे हुए हैं।

# माहरा समाज ने अजजा में शामिल करने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर, 05 अक्टूबर।** शनिवार को मुरिया दरबार में माहरा आदिवासी जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि माहरा आदिवासी जनजाति समुदाय को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाए। समुदाय के अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने बताया कि माहरा जनजाति देश की प्राचीन एबोरिजिनल ट्राइब्स में से एक है, जिसका उल्लेख अंग्रेज शासनकाल की जनगणना रिपोर्टों, जिला गजेटियरों और ऐतिहासिक अभिलेखों में मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति, परंपरा और भौगोलिक स्थिति अन्य अनुसूचित जनजातियों के समान है। बावजूद इसके, 1950 के राष्ट्रपति आदेश में हमारी जनजाति को शामिल नहीं किया गया। यह ऐतिहासिक अन्याय अब दूर किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वाले समाज के लोगों में चाचरी बघेल, संजय पंत कश्यप, फूलसिंह कश्यप, हकचंद बघेल, गुड्डी मंडावी, कमला दीदी, एसएन सिंह चौहान, सोनसाय नाग, प्रवीण कुमार बघेल, रमेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# डिप्रेशन से मुक्त होना है तो करें ईर्ष्या का त्याग : मनीष सागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 05 अक्टूबर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि ईर्ष्या आत्मा की शत्रु है। ईर्ष्या शरीर को गलाकर आत्मा के भीतर विकार पैदा करती है। डिप्रेशन का मुख्य कारण ईर्ष्या है। ईर्ष्या ही आत्मा को कमजोर कर देती है। ईर्ष्या से मनोबल कमजोर होता है। मान कषाय अधिक होने के ईर्ष्या की बीमारी आती है। डिप्रेशन से मुक्त होने ईर्ष्या का त्याग करना होगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि दूसरों के दोष देखना और दूसरों पर आरोप लगाना बड़ा आसान है। इससे अपना विकास और सुधार नहीं हो सकता। अपना विकास तभी होगा जब हम आत्मकेंद्रित रहेंगे। रोटी, कपड़ा और मकान के बाद चौथी आवश्यकता ज्ञान है। जैन संस्कृति कहती है रोज स्वाध्याय करना चाहिए। वास्तव में अध्ययन करके स्वयं को लाभान्वित करना है। पहले खुद में दृष्टि होना चाहिए। खुद की दोष निकालने की भावना होनी चाहिए। गुणों को ग्रहण कर ही स्वाध्याय की पूर्णता होगी।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि स्वाध्याय और सत्संग के माध्यम से हम सत्य को जानने और जीने का प्रयत्न करते हैं। सच्चाई को जानना और स्वीकार करना ही हमारा मूल लक्ष्य है। नवपदों की आराधना का मुख्य लक्ष्य सिद्ध पद की प्राप्ति करना है। बस हमारा विजन सही रहना चाहिए। हमारा दर्शन,चारित्र्य, ज्ञान और तप ये चार गुण विपरीत होगा तो हम आत्म कल्याण नहीं कर पाएंगे। इसी कारण से आत्मा का भ्रमण संसार में चलते रहता है। इन गुणों को ठीक करना है। तभी हम आत्म कल्याण की ओर आगे बढ़ पाएंगे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि यदि व्यक्ति के पुरुषार्थ की दिशा सही है तो फल भी सही मिलता है। व्यक्ति कम पुरुषार्थ में भी आगे बढ़ सकता है। बहुत अधिक पुरुषार्थ भी फल नहीं देता है। पुरुषार्थ की दिशा ठीक होगी तो कम मेहनत से भी अधिक फल मिल जाएगा। यही सम्यक दर्शन है। हमें हमारी दिशा को बदलना है। यदि गलत दिशा में जा रहे हैं तो मंजिल तक पहुंच नहीं पाएंगे। सही दृष्टिकोण और सही विजन ही सम्यक दर्शन है।

# समाज के विकास के लिए बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य व नशामुक्ति जरूरी : कलेक्टर



**मोहला 5 अक्टूबर।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के जनजातीय समाज प्रमुखों की बैठक हुई। जिसमें भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला एवं जिले के 245 आदि ग्रामों के लिए विलेज विजन प्लान 2030 तैयार करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जनजातीय क्षेत्रों में स्थायी एवं समावेशी विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री कुर्रे सहित जनजातीय समाज प्रमुख उपस्थित रहे। कलेक्टर प्रजापति ने उपस्थित समाज प्रमुखों से समाज के विकास हेतु बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति पर कार्य करने हेतु सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने कहा कि समाज के समग्र विकास हेतु संगठित समाज महत्वपूर्ण है। सामाजिक एकता के फलस्वरूप हम समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकते है। उन्होंने जिले एवं ग्राम विकास हेतु समाज प्रमुखों से सुझाव भी लिए। इस दौरान जिला एक्शन प्लान 2030 पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें समाज प्रमुखों से जल संरक्षण, नशा मुक्ति, सिंचाई साधनों का विकास, मवेशियों के लिए सुरक्षित स्थल निर्माण, कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की आवश्यकता, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग सेंटर, खेल सुविधाओं का विस्तार, परिवहन सुविधा सुदृढ़ीकरण, सामाजिक विषमता के समाधान, एफ्पीओ गठन, पारिवारिक बिखराव में कमी, दुग्ध सहकारी समिति एवं पर्यटन समिति का गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

# जन सहभागिता से तैयार हो रहा ग्राम विजन प्लान-2030



**मोहला, 5 अक्टूबर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत माहुद मचान्दुर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती पद्माबाई नेताम ने की।

ग्राम सभा में पंचायत सचिव द्वारा अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से गांव के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, सिंचाई, स्वच्छता, पोषण, सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर गांव की वर्तमान स्थिति, प्राथमिक समस्याओं एवं उनके समाधान हेतु सुझाव लिए गए। ग्रामीणों द्वारा रोजगार के अवसर बढ़ाने युवा-युवतियों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाने, महिलाओं के लिए आजीविका संबंधी योजनाओं का लाभ दिलाने और गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने की मांग रखी गई। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव के विजन प्लान 2030 हेतु प्राथमिकताएं तय की गई । बैठक में सरपंच श्रीमती पद्माबाई नेताम, उप सरपंच, पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# दशहरा मेले में युवक की हत्या



**जगदलपुर, 05 अक्टूबर।** पुराने तहसील कार्यालय में एक युवक का शव मिला है। घटनास्थल को देखने के बाद ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया है। वहीं, घटनास्थल में खून के धब्बे के साथ ही पैरों के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुराने तहसील कार्यालय में 2 गुटों में अज्ञात कारणों के चलते झगड़ा हुआ, जिसमें एक युवक के ऊपर चाकू से हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। विवाद क्यों हुआ, किसके बीच हुआ इस बात की जानकारी नहीं मिली है, लेकिन जिस युवक का शव मिला है, उसका नाम करन बघेल बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास लगे दुकानों के सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि युवक की शिनाख्त करन बघेल के रूप में हुई है, मामले की जांच जारी है।

# 185 ग्राम पंचायत एवं एक नगर पंचायत जल्द घोषित होंगे बाल विवाह मुक्त



**मोहला, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी बाल विवाह मुक्त घोषित होने की दिशा में अग्रसर है। जिले के सभी 185 ग्राम पंचायतों एवं एक नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी से बाल विवाह मुक्त के प्रस्ताव ग्राम सभा एवं एमआईसी बैठक के माध्यम से प्राप्त हो चुके हैं।

बीते एक वर्ष से महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं भारत के परिप्रेक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले में रैली, पोस्टर, दीवार लेखन, बैठकें, शिविर एवं पुलिस विभाग के माध्यम से जन जागरूकता के प्रयास किए जा रहे है। शासन के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर 2025 को आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्ति को विशेष एजेंडे के रूप में शामिल किया गया तथा जिन ग्राम पंचायतों में विगत दो वर्षों में कोई बाल विवाह नहीं हुआ है। ऐसे ग्राम पंचायतों को कलेक्टर द्वारा ग्राम सभा की अनुशंसा के पश्चात बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। शीघ्र ही विशेष समारोह आयोजित कर सभी पंचायतों एवं नगर पंचायत को माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा। बाल विवाह की रोकथाम हेतु शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायत सचिवों को प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाकर सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जो भविष्य में बाल विवाह के रोकथाम में सहयोग करेंगे।

# वार्ड क्रमांक-16 में सामुदायिक भवन का नपा अध्यक्ष एवं पार्षद ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा/बचेली, 5 अक्टूबर।** शासन द्वारा नगरपालिका के प्रत्येक पार्षदों को वार्ड में आवश्यक कार्य करने के तहत प्रति वर्ष पार्षद निधी चार लाख पचास हजार रुपये दिया जाता हैं जिसके तहत आज नगर पालिका बचेली अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं वार्ड पार्षद धनसिंग नाग समेत वार्डवासी, बीजेपी मंडल मंत्री दिव्यो दुर्गा, बसंत खुरा, अनिल खुरा के उपस्थिति में वार्ड ऋमांक 16 में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। वार्ड ऋमांक 16 के पार्षद धनसिंग नाग के पार्षद निधी से जनता के हीत में कराये जाने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल के हाथो भूमि पूजन किया गया। जिस जगह पर वार्ड वासियो के द्वारा टीना व तिरपाल ढक कर गणेश पूजा एवं अन्य सामाजिक कार्य कराये जाते थे उस जगह पर सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति को लेकर वार्डवासियों ने पार्षद धनसिंग नाग की जमकर प्रशंसा की एवं धन्यवाद् दिया 7 वार्ड वासियो का कहना हैं की ग्राम पंचायत से नगर पालिका बनकर 36 वर्ष हों चुके हैं परन्तु आज तक किसी पार्षद ने संज्ञान नहीं लिया परन्तु धनसिंग नाग ने सिर्फ6 महीने में वार्डवासियों की पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए उसका समाधान किया। वार्डवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं पार्षद धनसिंह नाग की सराहना करते हुए कहा की बिजली, पानी, सड़क, नाली,राशन कार्ड, वोटर कार्ड जैसी मुलभुत सुविधाओं हेतु पार्षद धनसिंग नाग हमेशा पूरी सक्रियता और गंभीरता से लोगो की समस्याओं का निराकरण करते है जिसके परिणाम स्वरुप चौथी बार लगातार वे नगरपालिका बचेली के पार्षद चुने गए हैं ओर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओ का लाभ कैसे पहुंचे ये उनका दृढ संकल्प है जो उन्हें जनता की ओर आकर्षित करता है। धनसिंग नाग की पत्नी श्रीमती विलासिनी नाग भी वार्ड ऋमांक 07 की पार्षद हैं ओर बिलासिनि नाग के पार्षद निधी से पुराना मार्केट अजित घर के समीप शेड निर्माण कार्य कराये जाने को लेकर भी वे प्रयासरत है।

# अन्नपूर्णा मुहिम में जरूरतमंद परिवार की खाद्य सामग्री देकर की गई मदद

### संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने बड़े बचेली में जरूरतमंद आदिवासी परिवार को खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोगी वस्तुएं पहुंचाई



**बचेली, 05 अक्टूबर।** गरीबी और अभाव की मार झेल रहे परिवारों के लिए जब कोई हाथ मदद के लिए आगे बढ़ता है, तो उनके जीवन में नई उम्मीद का संचार होता है। मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए संत रामपाल जी महाराज जी की सानिध्य में पूरे देशभर में अन्नपूर्णा मुहिम चला रहे हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले की बड़े बचेली तहसील के आदिवासी परिवार–भारती भास्कर और उनके बेटे दिव्यानसु–को जरूरी खाद्य सामग्री और उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं।

भारती भास्कर आदिवासी समुदाय से आती हैं। पति के निधन के बाद वह अपने बेटे के साथ बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन बिता रही हैं। परिवार की संख्या सिर्फदो है, लेकिन आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि रोज़ाना की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना भी भारी पड़ जाता है। शारीरिक कमजोरी और बीमारी के चलते भारती स्वयं मेहनत-मजदूरी करने में असमर्थ हैं, वहीं उनके छोटे बेटे पर भी जिम्मेदारी का बोझ आ पड़ा है। इस परिस्थिति में उनका जीवन संघर्षपूर्ण और अत्यंत दयनीय हो गया था।

**राहत सामग्री से जीवन को सहारा**

03 अक्टूबर 2025 को अन्नपूर्णा मुहिम के तहत संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने इस परिवार तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाईं। इनमें 17.5 किलो चावल, 2.5 किलो आलू, 2.5 किलो प्याज, 2 किलो शक्कर, 1 किलो तेल, आधा किलो आम का अचार, आधा किलो बेसन, मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा), दूध पाउडर, मूंग और चने की दाल, देसी चना, चायपत्ती, साबुन (नहाने और कपड़े धोने का), ½ किलो नमक जैसी खाद्य सामग्री और घरेलू वस्तुएं शामिल थीं।

# प्रदेश को मिला पहला राष्ट्रीय राजमार्ग टनल

## सिर्फ 12 महीनों में निर्माण कार्य पूरा, विकास की राह में ऐतिहासिक उपलब्धि

- प्रदेश की प्रगति की रीढ़ है सड़क अधोसंरचना, 2.79 किमी लंबी सुरंग बनेगी विकास की नई राह : विष्णु देव साय



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ ने आज बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने सिर्फ 12 महीनों में राज्य की पहली राष्ट्रीय राजमार्ग सुरंग (लेफ्ट हैंड साइड) का निर्माण कर लिया है। यह ब्रेकथ्रू इंजीनियरिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ आमजन के जीवन और राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाला है। 2.79 किलोमीटर लंबी यह टनल रायपुर-विशाखापट्टनम आर्थिक गलियारे (NH-130CD) का हिस्सा है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभनपुर परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा निर्मित किया जा रहा है। यह ट्विन ट्यूब टनल जब पूरी तरह तैयार होगी, तो रायपुर से विशाखापट्टनम तक यात्रा का समय काफी कम होगा, व्यापार एवं उद्योग को गति मिलेगी और छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश के बीच संपर्क और मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह टनल समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क एवं परिवहन अधोसंरचना का विकास प्रदेश की प्रगति की रीढ़ है। इस टनल से छत्तीसगढ़ में पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक जुड़ाव के नए अवसर भी खुलेंगे।

उन्होंने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन के अनुरूप यह परियोजना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### क्षत्रिय समाज की वीरांगनाओं के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए राज्यपाल

# नारी ही समाज की धुरी और प्रेरणा है : डेका

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राज्यपाल रमेन डेका आज सरोना में आयोजित विराट क्षत्रिय दशहरा मिलन समारोह एवं वीरांगना राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि मातृशक्ति परिवार को एक सूत्र में बांधने और समाज की नैतिक दिशा तय करने का कार्य करती है।



राज्यपाल ने कहा कि नारी जीवन का वह आधार है, जिसके बिना मानव अस्तित्व की कल्पना असंभव है। उन्होंने नारी की तुलना जल से करते हुए कहा कि जिस प्रकार पानी के बिना जीवन असंभव है, उसी प्रकार नारी के बिना भी यह सृष्टि अधूरी है।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने जीवन को आनंदपूर्वक जीने के सूत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि जीवन अनुपम है, इसे हर क्षण आनंद से जीना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पैसा केवल जीवन की आवश्यक जरूरतों भोजन, शिक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम है, लेकिन वास्तविक सुख शांति और संतोष में ही निहित है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए ईमानदार प्रयास आवश्यक है, परंतु यदि प्राप्त न हो तो उसका अफसोस नहीं करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आज देश और समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन पर जागरूक होकर विचार और समाधान करना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए ÷मां के नाम एक पेड़÷ अभियान में सभी को सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि माइक्रोप्लास्टिक आज पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इसका उपयोग कम से कम करने और आने वाली पीढ़ियों को इसके दुष्प्रभावों से बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि जो व्यक्ति समय के पाबंद और अनुशासित होते हैं, वे जीवन में अवश्य सफल होते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोगों में समाज सेवा की अद्भुत प्रवृत्ति है। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्षत्रीय समाज की महिलाओं को भी इस दिशा में आगे आना चाहिए।

## एक नजर

### स्पेशल एजुकेटर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन 7 अक्टूबर से

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए 07 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आवेदन जमा किए जा सकते है। इस संबंध में शैक्षणिक अर्हताएँ, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि की जानकारी के लिए वेबसाइट http://eduportal.cg.nic.in पर संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालयों में जमा करना होगा। आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि 7 अक्टूबर तथा अंतिम तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन केवल पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अयोध्या में रामलला का दर्शन कर खुद को मानती है सौभाग्यशाली बूँदकुंवर

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** उनहत्तर वर्षीय बूँदकुंवर का जीवन संघर्षों और उम्मीदों से भरा रहा है। पति के



निधन के बाद उन्होंने अपने जीवन की डोर मजबूती से संभाली और अपने बेटे तथा बहू के साथ सादगीपूर्ण जीवन जीती रहीं। बूँदकुंवर हमेशा से यह इच्छा रखती थीं कि वे जीवन में एक बार भगवान श्रीराम के जन्मस्थली अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करें। लेकिन सीमित साधन और बुजुर्ग होने के कारण यह सपना अधूरा रह गया था। जब छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की जानकारी उनके गांव तक पहुँची, तो उनके भीतर एक नई आशा जगी। बूंदकुंवर ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए आवेदन किया और योजना के तहत उनका चयन हुआ। उनके साथ सहयोगी पल्लवी और गीता भी यात्रा में थीं, जिन्होंने उनका पूरा सहयोग किया। सरकार की इस पहल के माध्यम से बूँदकुंवर ने गांव से बिलासपुर तक बस की, फिर बिलासपुर से अयोध्या तक रेल यात्रा की और अयोध्या धाम पहुंचीं। अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन कर लौटने के बाद वह गांव में अपनी यात्रा और सरकार की इस योजना की तारीफें करते नहीं थकती।

### प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना से बदली पिंकी बनी आत्मनिर्भर

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** पिंकी ने अपने किराना व्यवसाय को आगे बढ़ाने का सपना देखा। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने पीएम मुद्रा लोन के तहत 70 हजार रुपये का स्वयंसिद्धा लोन लिया और अपनी दुकान का विस्तार किया। दुकान बड़ी होने से न केवल उनकी आय बढ़ी, बल्कि ग्राहकों का विश्वास और पहुँच भी मजबूत हुई और वह आर्थिक विकास करने साथ ही आत्मनिर्भर बन गई। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। इस योजना के जरिए महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय की शुरुआत कर अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं। जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मनोरा की रहने वाली श्रीमती पिंकी सोनी बिहान महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी मिली और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ।

**कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध:** पिंकी सोनी कहती हैं समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी मिली और आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी हासिल हुआ।

### माई दंतेश्वरी की धरती से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी महतारी वंदन की सौगात

# महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ के बहनों के जीवन में लाई है नई रोशनी : अमित शाह

## महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त जारी : 65 लाख महिलाओं के बैंक खातों में पहुँचे 606.94 करोड़ रुपये



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** माई दंतेश्वरी की धरती से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी महतारी वंदन की सौगातप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मोदी की गारंटी' के तहत शुरू की गई महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की बहनों के जीवन में नई रोशनी लाई है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला ऐतिहासिक कदम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जगदलपुर में बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार के अवसर पर माई दंतेश्वरी की धरती से राज्य की 64 लाख 94 हजार 768 हितग्राही महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त के रूप में 606 करोड़ 94 लाख रुपये की राशि अंतरित करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हर महिला सशक्त और आत्मनिर्भर बने तथा देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में बराबरी की भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस पारदर्शिता और प्रतिबद्धता से इस योजना को लागू किया है, वह पूरे देश के लिए एक आदर्श है। यह योजना आने वाले वर्षों में प्रदेश के सतत विकास और महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव साबित होगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की बहनों के जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान की नई ऊर्जा का संचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मोदी की गारंटी' के रूप में मिली यह सौगात हमारे प्रदेश की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहयोग दे रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज और परिवार में एक नई पहचान भी दिला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि छत्तीसगढ़ की हर महिला सशक्त बने और विकास की यात्रा में बराबरी की भागीदार बने। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की महिलाओं को न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने का साधन दिया है, बल्कि उन्हें समाज में आत्मसम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता के साथ जीने का अवसर भी प्रदान किया है।

उल्लेखनीय है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी पहल कही जाने वाली महतारी वंदन योजना की शुरुआत 1 मार्च 2024 को हुई थी। इस योजना का उद्देश्य 21 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1, 000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अब तक योजना की 19 किस्तों में लाभार्थी महिलाओं को कुल 12376 करोड़ 19 लाख रुपये की राशि दी जा चुकी थी। आज 20वीं किस्त जारी होने के साथ यह आंकड़ा बढ़कर 12983 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक हो गया है।

## समाचार संक्षेप

### अमित शाह मांझी-चालकी के साथ अभिनन्दन भोज में हुए शामिल



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जगदलपुर के लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा पर्व से जुड़े मांझी-चालकी, मेम्बर एवं मेम्बरीन के सम्मान में आयोजित अभिनंदन भोज में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभिनंदन भोज में परोसे गए आदिवासी समाज के पारम्परिक व्यंजनों की सराहना करते हुए कहा कि ये पारम्परिक व्यंजन बस्तर की संस्कृति, परंपरा और आदिवासी जीवन मूल्यों का अनूठा स्वाद प्रस्तुत करते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर की आदिवासी परंपरा में मांझी-चालकी, मेंबर और मेंबरीन के साथ अभिनंदन भोज केवल एक सत्कार नहीं है, बल्कि यह भाईचारे, सामुदायिक मेल-जोल और सांस्कृतिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह अवसर न केवल बस्तर की समृद्ध और जीवंत आदिवासी संस्कृति का उत्सव है, बल्कि हमारी सामाजिक एकता और स्थानीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भी अभिव्यक्ति है।

अभिनंदन भोज में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद महेश कश्यप एवं भोजराज नाग, विधायक सर्वश्री किरण सिंह देव, विनायक गोयल, चैतराम अटामी, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम तथा सुश्री लता उसेंडी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुरिया दरबार में शामिल हुए गृहमंत्री अमित शाह, मांझी-चालकी से किया सीधा संवाद

## बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने किया सहयोग का आह्वान

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जगदलपुर के सिरहासार भवन में आयोजित मुरिया दरबार में शामिल हुए। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मांझी-चालकी से सीधा संवाद करते हुए बस्तर से माओवाद को समाप्त करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि माओवाद से जुड़कर हथियार उठा चुके बच्चों को समझाएं कि वे मुख्यधारा में लौटें और शासन की योजनाओं का लाभ लें। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस्तर के विकास और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मांझी-चालकी से संवाद करते हुए कहा कि मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बस्तर के युवा डॉक्टर, इंजीनियर, डिप्टी कलेक्टर और कलेक्टर बनकर पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि युवा नक्सलवाद से न जुड़ें और जो जुड़ चुके हैं, वे आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें। जहां-जहां नक्सलवाद समाप्त हुआ है, वहां छत्तीसगढ़ सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है और लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुरिया दरबार में मांझी-चालकी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर दशहरा पर्व को और भव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर दशहरा के लिए दी जाने वाली राशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अन्य अतिथियों का बस्तर दशहरा समिति के परंपरागत सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरिन और नाईक-पाईक ने पारंपरिक पगड़ी एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुरिया दरबार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी सहित बस्तर दशहरा समिति के पारंपरिक सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरिन और नाईक-पाईक उपस्थित थे।00000000000000

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 169 ग्रामों में एक साथ विशेष ग्राम सभा आयोजित

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, 5 अक्टूबर।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 169 चिन्हित ग्रामों में 2 और 3 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं का सफल आयोजन किया गया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आयोजित इन ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ विलेज विज़न प्लान 2030 को ग्राम स्तर पर अनुमोदित किया गया। इस ऐतिहासिक पहल में स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, महिला सशक्तिकरण, कृषि, सिंचाई, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, एवं डिजिटल सुविधाओं जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर आधारित दीर्घ कालिक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई। इन योजनाओं को ग्रामीणों की आवश्यकताओं और सुझावों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे प्रत्येक ग्राम का आत्मनिर्भर एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए साबित हो रही वरदान



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। राजनांदगांव शहर के गौरी नगर निवासी गिरधर लाल देवांगन इसका जीवंत उदाहरण हैं। गिरधर देवांगन बताते हैं कि उन्हें जब समाचार पत्र के माध्यम से इस योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत इस योजना के तहत आवेदन कर अपने घर की छत पर 5.5 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ्टॉप सिस्टम स्थापित कराया। इस पर कुल लागत 3 लाख 40 हजार रूपए आयी। योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से उन्हें 78 हजार रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है, वहीं राज्य शासन की ओर से 30 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी मिलने वाली है। इस प्रकार 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी से सोलर सिस्टम की वास्तविक लागत आधी हो जाएगी।

**कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने में मिलेगी मदद**

श्री देवांगन ने कहा आगामी 4 से 5 वर्षों में ही सोलर पैनल की लागत निकल जाएगी जबकि सोलर पैनल 20-25 साल तक काम करता है, जिससे वर्षों तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले हम सिर्फ बिजली खर्च करते थे, अब हम बिजली का उत्पादन भी कर रहे हैं। यह योजना हमारे लिए सचमुच वरदान साबित हुई है। उन्होंने बताया कि अब उनके घर का बिजली बिल शून्य हो गया है।

### बड़ादमाली प्राथमिक शाला बड़ादमाली में बच्चों की पढ़ाई में आई नई ऊर्जा



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** प्राथमिक शाला बड़ादमाली में युक्तियुक्तकरण के तहत श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव को पदस्थ किया गया है। उनके आने से विद्यालय में अब कुल तीन शिक्षक जिसमें एक प्रधानपाठक और दो सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। विद्यालय में लगभग 80 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिन्हें अब नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल रहा है। कभी बड़ादमाली प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। बच्चों की संख्या के अनुपात शिक्षक को कई कक्षाओं का भार संभालना पड़ता था। परिणामस्वरूप बच्चों की शिक्षा में निरंतरता और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रही थीं। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया ने इस समस्या को दूर किया है।

विद्यालय में नए शिक्षक की पदस्थापना से बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह है। अब प्रत्येक कक्षा में समय पर पढ़ाई हो रही है और बच्चों को व्यक्तिगत ध्यान भी मिल पा रहा है। अभिभावकों ने कहा कि तीन शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई की गति बढ़ेगी और वे परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रधानपाठक और अन्य शिक्षक भी बताते हैं कि अब कार्यभार संतुलित हो हुआ है, कक्षाओं का विभाजन से शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इससे बच्चों को विषयवार शिक्षा मिला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर शिक्षक युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और प्रत्येक बच्चे तक समान रूप से शिक्षा का अधिकार मिला है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का किया शुभारंभ

# जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है हमारी सरकार : साय

- विकास से विश्वास तक की यात्रा में अब सहभागी बनेंगे बस्तर और सरगुजा के सुदूर अंचलवासी : केंद्रीय गृह मंत्री
- प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा अंचल को किया गया शामिल : दोनों संभागों के 11 जिलों के 250 गांवों तक पहली बार पहुंचेगी यात्री बस सेवा



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** बस्तर से नक्सलवाद का अंत शीघ्र होगा और क्षेत्र में शांति स्थापित कर हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलवासी अब विकास से विश्वास तक की यात्रा में सहभागी बनकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यात्री बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और क्षेत्रवासियों को इस विशेष पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। लाल आतंक की समाप्ति प्रदेश के सुदूर इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी। आज प्रारंभ हुई यात्री बस सेवा हमारे नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने कहा कि अब 250 गांवों के लोग अपने निकटवर्ती शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और अस्पतालों तक आसानी से पहुंच पाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उद्देश्य यात्री बस सुविधा से वंचित गांवों में बसों का परिचालन सुनिश्चित करना है। इससे लोग कम लागत में अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेंगे। रोज़मर्रा के कामकाज, शासकीय कार्यों और अन्य गतिविधियों में भी सहूलियत बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य उन गांवों तक बस सेवा पहुँचाना है, जहाँ अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस पहल से ग्रामीणों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिलेगा, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**250 गांवों को पहली बार बस सेवा से जोड़ने की उपलब्धि**

इस योजना के तहत लगभग 250 गांव पहली बार बस सेवा से जुड़ रहे हैं। यह ग्रामीण छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, जो सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देगा। ग्रामीणों को अब अपनी आवश्यकताओं के लिए लंबी दूरी पैदल तय करने या निजी वाहनों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

**समावेशी विकास की दिशा में कदम:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस योजना की शुरुआत पर कहा कि हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से न छूटे। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने और उन्हें शहरों से जोड़ने का प्रयास है। यह योजना न केवल परिवहन की सुविधा देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी। यह योजना न केवल परिवहन की दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगी।

एक नजर

## महिला वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशर चोटिल, टूर्नामेंट से बाहर




**कोलंबो, 5 अक्टूबर।** महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में न्यूजीलैंड महिला टीम की शुरुआत खराब रही थी, जब उसे अपने पहले ही मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ89 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम को एक और तगड़ा झटका लगा है, जब ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशर चोटिल होने की वजह से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उनके रिप्लेसमेंट का भी ऐलान किया गया है। प्रैक्टिस सेशन में न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशर को फील्डिंग करते समय हाथ में चोट लग गई। इसी वजह से उनके कई हफ्तों तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफन्यूजीलैंड के पहले मैच में नहीं खेली थीं। अब महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए न्यूजीलैंड की टीम में उनकी जगह तेज गेंदबाज हन्ना रोवे को शामिल किया गया है। 29 साल की रोवे के 10 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफन्यूजीलैंड के तीसरे विश्व कप मैच से पहले मंगलवार को गुवाहाटी पहुंचने की उम्मीद है। मुख्य कोच बेन सावेयर ने कहा कि टूर्नामेंट के बीच में फ्लोरा डेवोनशर का चोटिल होना बड़ा झटका है। हमें फ्लोरा के लिए दुख हो रहा है, उन्होंने टीम में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और टूर्नामेंट में उनका इस तरह बाहर होना उनके लिए दुखद है।

# विमेंस वर्ल्ड कप : आज होगा भारत-पाक के बीच मुकाबला

## टॉस के दौरान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी कप्तान को नहीं दिया कोई भाव, ना मिलाए हाथ और ना ही की बात

**कोलंबो, 5 अक्टूबर।** भारत और पाकिस्तान के बीच महिला वर्ल्ड कप 2025 में महामुकाबला कोलंबो के मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस के समय भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तान कप्तान से हाथ नहीं मिलाया है और ना ही कोई बातचीत की है। उन्होंने ठीक वैसा ही किया है। जैसा पुरुष कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में किया था। पाकिस्तानी टीम के खिलाफ मैच के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ एक बदलाव हुआ है। अमनजोत कौर की जगह रेणुका सिंह ठाकुर को मौका मिल गया है। टॉस के समय भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने विश्व कप से पहले यहां अच्छी सीरीज खेली थी। हम पॉजिटिव सोच रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। हम एक टीम के रूप में अच्छी तरह से तालमेल बिठा चुके हैं और आज के मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




फातिमा सना ने टॉस जीतने के बाद कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। विकेट में थोड़ी नमी हो सकती है। मारा आत्मविश्वास बहुत अच्छा है, उम्मीद है कि आज हम बेहतर खेलेंगे। 250 से कम का कोई भी लक्ष्य एक अच्छा लक्ष्य हो सकता है। प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव है। ओमैमा सोहेल की जगह सदाफ शमास को शामिल किया गया है।

भारतीय महिला टीम और पाकिस्तान महिला टीम के बीच अभी तक वनडे क्रिकेट में कुल 11 मुकाबले खेले हैं, जिसमें हर बार भारतीय टीम ने बाजी मारी है और पड़ोसी पाकिस्तानी टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई है। भारतीय टीम का वनडे में पाकिस्तान का दबदबा कायम है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन:**

**भारतीय महिला टीम:** प्रतीक रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेट कीपर), स्नेह राणा, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड, श्री चरणी।

**पाकिस्तान महिला टीम:** मुनीबा अली, सदाफ शमास, सिदरा अमीन, रमीन शमीम, आलिया रियाज, सिदरा नवाज (विकेट कीपर), फातिमा सना (कप्तान), नतालिया परवेज, डायना बेग, नशरा संधू, सादिया इकबाल।

## रोहित को वनडे की कप्तानी से हटाए जाने से हरभजन नाखुश




**नई दिल्ली, 5 अक्टूबर।** शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सेलेक्टर्स वनडे वर्ल्ड कप 2027 के लिए अभी से ही गिल को तैयार करना चाहते थे। इसी वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन रोहित को वनडे कप्तान पद से हटाए जाने के बाद पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह खुश नहीं दिखाई दिए हैं। उनका मानना है कि रोहित थोड़े और समय तक कप्तान बने रह सकते थे।

हरभजन सिंह ने कहा कि शुभमन गिल को बधाई। निश्चित रूप से वह टेस्ट क्रिकेट में टीम का अच्छा नेतृत्व कर रहे हैं और अब उन्हें एक और जिम्मेदारी दी गई है। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बहुत अच्छा रिकॉर्ड है। रोहित को कप्तान नहीं देखना मेरे लिए थोड़ा चौंकाने वाला है। अगर आप रोहित को चुन रहे हैं तो उन्हें कप्तान बनाएं क्योंकि उन्होंने हाल में आपको आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दिलाई है।

हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा सफेद गेंद के फॉर्मेट में भारतीय क्रिकेट के स्तंभों में से एक रहे हैं। मुझे लगता है कि उन्हें कम से कम इस दौरे पर तो मौका मिलना चाहिए था। अगर सेलेक्टर्स 2027 के वनडे विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं, तो वह अभी बहुत दूर है। शुभमन के पास वनडे कप्तान की भूमिका में ढलने के लिए अभी बहुत समय है। मैं शुभमन के लिए खुश हूं, उन्हें यह मौका मिला है लेकिन इसमें थोड़ी देरी हो सकती थी। इस पद की जिम्मेदारी संभालने से पहले उन्हें छह से आठ महीने या एक साल भी इंतजार कराया जा सकता था।

मैं शुभमन के लिए खुश हूं, लेकिन साथ ही रोहित शर्मा के कप्तान नहीं होने से थोड़ा निराश भी हूं। रोहित एक अद्भुत खिलाड़ी रहे हैं और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। वह हमेशा की तरह बल्लेबाजी करते रहेंगे और टीम में नेतृत्व करते रहेंगे, चाहे वह कप्तान हों या नहीं। वह शुभमन या किसी और को जरूरत पड़ने पर सलाह देते रहेंगे।

# कानपुर में ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स की बिगड़ी तबियत, पहुंचे अस्पताल

**कानपुर, 5 अक्टूबर।** ऑस्ट्रेलिया-ए टीम दो अनऑफिशियल टेस्ट और तीन अनऑफिशियल वनडे मैच की सीरीज खेलने के लिए भारत दौरे पर आई है। जहां वनडे सीरीज के दो मैच कानपुर में खेले जा चुके हैं और अभी सीरीज से 1-1 से बराबरी है। अब सीरीज के बीच में ही 4 ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स बीमार पड़ गए हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि होटल का खाना खाने की वजह से प्लेयर्स की हालत गंभीर हो गई और उन्हें अस्पताल जाना पड़ा। अब इस पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का बयान भी सामने आया है।



ऑस्ट्रेलिया-ए टीम के स्थानीय मैनेजर ने बताया कि चार खिलाड़ियों को अचानक तेज पेट दर्द और गंभीर संक्रमण की शिकायत हुई थी। शुरुआती जांच में खाने से जुड़ी समस्या सामने आई, जिसके बाद तुरंत मेडिकल टीम सक्रिय हो गई। सभी प्रभावित खिलाड़ियों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गहन जांच हुई और इलाज शुरू हुआ। तेज गेंदबाज हेनरी थॉर्नटन की हालत सबसे ज्यादा नाजुक थी, जिन्हें पेट के गंभीर समस्या के कारण रीजेंसी अस्पताल में विशेष निगरानी में रखा गया। वरिष्ठ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चला और अब उनकी हालत में सुधार देखा जा रहा है।

**कानपुर के होटल लैंडमार्क में रुके ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स**

भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्लेयर्स कानपुर के लैंडमार्क होटल में रुके हैं और उन्हें इसी होटल का खाना परोसा गया था। शुरुआत में खाने की गुणवत्ता और स्वच्छता में भारी चूक की बात भी सामने आई। इस घटना के बाद होटल की साख को भी गहरा धक्का लगा। इस घटना ने ऑस्ट्रेलिया-ए टीम मैनेजमेंट को तुरंत हरकत में ला दिया। खिलाड़ियों की सेहत को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से नया डाइट चार्ट लागू किया गया। अब खिलाड़ियों को बाहर का कोई भी खाना खाने की सख्त मनाही है।

# विमेंस वर्ल्ड कप : कोलंबो में बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका मैच रद्द

## एक भी बॉल नहीं फेंकी गई, दोनों को एक-एक पॉइंट

**कोलंबो, 5 अक्टूबर।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होना था, लेकिन बारिश के कारण एक भी बॉल नहीं फेंकी जा सकी। दोनों टीमों को एक-एक पॉइंट्स दिया गया।

श्रीलंका ने इस टूर्नामेंट का पहला मैच भारत के खिलाफ59 रन से गंवाया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया था।

श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली जीत की तलाश है। दोनों टीमों के बीच अब तक 11 विमेंस वनडे खेले गए हैं। सभी मुकाबले ऑस्ट्रेलिया ने जीते। वर्ल्ड कप में दोनों के बीच 4 मैच खेले गए, सभी ऑस्ट्रेलिया ने जीते।



ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ले गार्डनर ने पहले मैच में शतक लगाया। वहीं सोफी मोलीन्युक्स ने तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड के खिलाफपहले मुकाबले में टीम के 5 विकेट 150 रन के अंदर गिर गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यहां से कमबैक किया और 300 प्लस रन बना दिए।

भारत के खिलाफ पिछले मैच में श्रीलंका के लिए चमारी अटापट्टू और निलाक्षी डी सिल्वा ने बल्ले से योगदान दिया था। इनोका राणावीरा ने 4 विकेट लिए। टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी इन खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

इस मैदान पर पिछला मैच पाकिस्तान विमेंस और बांग्लादेश विमेंस के बीच खेला गया। यह एक लो-स्कोरिंग मैच रहा। स्पिनर्स को इस मैदान पर काफी मदद मिलती है।



# त्योहारी सीजन से पहले सोने-चांदी में लगी आग

## सोना 4000 रुपए महंगा, चांदी ने निवेशकों को किया मालामाल

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर ।** वैश्विक उथल-पुथल और त्योहारी मांग के बीच बीते हफ्ते भारतीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। सोना एक ही हफ्ते में लगभग 4000 रुपये महंगा हो गया है, वहीं चांदी ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया है।

पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। दिल्ली के बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 3920 प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,19,550 के नए स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह, 22 कैरेट सोने की कीमत में भी ?3600 की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद इसका भाव 1,09,600 प्रति 10 ग्राम हो गया है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार में निराशा, अमेरिका में शटडाउन की आशंका और कमजोर डॉलर जैसे वैश्विक संकेतों के साथ-साथ त्योहारी सीजन की बढ़ती मांग ने सोने की कीमतों को यह मजबूती दी है।



सोने के साथ-साथ चांदी की चमक भी तेज हुई है। 5 अक्टूबर 2025 को चांदी की कीमत में 6,000 प्रति किलोग्राम का भारी उछाल आया, जिससे इसका भाव 1,55,000 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है।

सितंबर महीने में चांदी ने रिटर्न देने के मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया था। सितंबर में जहां सोने की कीमतों में 13 प्र. की बढ़ोतरी हुई, वहीं चांदी 19.4 प्र. की शानदार बढ़त दर्ज करने में कामयाब रही। विशेषज्ञों का मानना है कि चांदी की मजबूत औद्योगिक मांग (कुल खपत का 60-70 प्र.) और मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के कारण इसकी कीमतों में तेजी का रुख आगे भी बना रह सकता है।

## पाकिस्तान के व्यापार घाटे में 46 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी

भयावह नकदी संकट का सामना कर रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान का व्यापार घाटा सितंबर 2025 में बढ़कर 3.34 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत ज्यादा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आयात बढ़ने और निर्यात में गिरावट आने के कारण देश के नाजुक बाह्य क्षेत्र पर दबाव बढ़ा है और मुद्रा की स्थिरता को खतरा पैदा हुआ। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने शुक्रवार को पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से प्रकाशित एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल सितंबर में पाकिस्तान का व्यापारा घाटा 2.29 अरब डॉलर था, जो अब मुख्य रूप से आयात के 14 प्रतिशत बढ़कर 5.85 अरब डॉलर हो जाने और निर्यात के 11.7 प्रतिशत घटकर 2.5 अरब डॉलर रह जाने की वजह से बढ़ा। अगस्त 2025 की तुलना में पाकिस्तान के व्यापार घाटे में 16.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# बिना फास्टटैग चलने वाले वाहन चालकों को मिलेगी दोगुने टैक्स से मुक्ति

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर ।** केंद्र सरकार ने नेशनल हाईवे पर बिना FASTag या खराब FASTag के साथ यात्रा करने वाले वाहन चालकों को एक बड़ी राहत दी है। अब ऐसे वाहन चालकों को दोगुना टोल टैक्स देने से मुक्ति मिल जाएगी, बशर्ते वे भुगतान UPI के जरिए करें। सरकार ने घोषणा की है कि 15 नवंबर 2025 से यह नया नियम पूरे देश में लागू हो जाएगा।

सरकार ने 'नेशनल हाईवे फीस (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008' में संशोधन किया है। नए नियम के अनुसार, अगर कोई वाहन बिना वैध FASTag के टोल प्लाजा पर कैश में भुगतान करता है, तो उसे पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। लेकिन, अगर वही वाहन चालक UPI के जरिए भुगतान करता है, तो उसे सिर्फ सवा गुना (1.25×) टोल ही देना होगा।




सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बदलाव हाईवे पर कैश ट्रांजैक्शन को कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस कदम से टोल कलेक्शन सिस्टम अधिक तेज और पारदर्शी बनेगा। अब अगर आपका FASTag खराब हो गया यदि इसमें बैलेंस नहीं है तो आप यूपीआई के माध्यम से भुगतान करके पेनल्टी पर लगने वाले अतिरिक्त पैसे बचा सकते हैं।

इस नए नियम से वाहन चालकों को काफी फायदा होगा। उदाहरण के लिए, अगर किसी टोल पर सामान्य शुल्क 100 रुपये है, तो अब तक कैश में 200 रुपये देने पड़ते थे। लेकिन 15 नवंबर से PI के जरिए भुगतान करने पर सिर्फ 125 रुपये ही देने होंगे, जिससे सीधे तौर पर 75 रुपये की बचत होगी। सरकार का लक्ष्य धीरे-धीरे सभी टोल लेन को कैशलेस और पूरी तरह डिजिटल बनाना है, ताकि हाईवे पर यात्रा और भी सुगम और तेज हो सके।

# बच्चों का आधार अपडेट कराने पर नहीं लगेगा एक भी रुपया

**नई दिल्ली, 5 अक्टूबर।** आधार कार्ड को लेकर बच्चों और उनके माता-पिता के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बच्चों के आधार अपडेट के लिए लगने वाले सभी चार्ज खत्म कर दिए हैं। अब 5 साल से लेकर 17 साल तक के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट बिल्कुल मुफ्त होगा।

सरकार के इस फैसले से देशभर के करोड़ों पैरेंट्स को बड़ी राहत मिलने वाली है। जारी ऑफिशियल बयान के अनुसार, यह नई सुविधा 1 अक्टूबर 2025 से लागू हो चुकी है और अगले एक साल तक प्रभावी रहेगी।

अनुमान है कि इस कदम से करीब 6 करोड़ बच्चों को सीधा फायदा मिलेगा।

आपको बता दें कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार केवल नाम, जन्मतिथि, पता और फोटो के आधार पर बनता है। इस उम्र में बच्चों के फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन नहीं लिए जाते क्योंकि वे पूरी तरह विकसित नहीं होते। लेकिन, 5 साल की उम्र पूरी होने पर बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य होता है।

इसके बाद, 15 से 17 साल की उम्र के बीच दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट करना जरूरी होता है। अब तक इन अपडेट्स के लिए 125 रुपये प्रति अपडेट का शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब यह पूरी तरह फ्री कर दिया है।

# 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियों का कोई 'माई-बाप' नहीं!

**नई दिल्ली, 5 अक्टूबर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि ये संपत्तियां उनके असली मालिकों तक पहुंचें। सीतारमण ने गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, बैंकों और वित्त मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों की उपस्थिति में गांधीनगर से 3 महीने के ''आपकी पूंजी, आपका अधिकार'' अभियान का शुभारंभ किया। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री ने कहा कि बैंकों और नियामकों के पास बैंक जमा, बीमा, भविष्य निधि या शेयरों के रूप में 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं।

वित्त मंत्री ने अधिकारियों से 3 महीने के अभियान के दौरान इन बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए तीन पहलुओं- जागरूकता, पहुंच और कार्रवाई - पर काम करने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा, ''दावे के बिना धनराशि बैंकों, आरबीआई या आईईपीएफ (निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष) के पास पड़ी हैं। हमें इन फंड्स के असली मालिकों और दावेदारों का पता लगाना होगा और उन्हें धन सौंपना होगा।''



वित्त मंत्री ने कहा, ''मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि ये पूरी तरह सुरक्षित है। आप जब चाहें उचित कागजात के साथ आएं। आपको पैसे दे दिए जाएंगे। सरकार इसकी संरक्षक है।'' मंत्री ने कहा कि अगर किसी वजह से संपत्ति पर लंबे समय तक दावा नहीं किया जाता है, तो उसे एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जमा राशि के मामले में ये बैंकों से आरबीआई के पास जाता है और शेयर या इसी तरह की संपत्तियों के मामले में ये सेबी से ''किसी अन्य केंद्र या आईईपीएफ' में जाता है। सीतारमण ने कहा, ''आरबीआई ने यूडीजीएएम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स गेटवे टू एक्सेस इन्फॉर्मेशन) पोर्टल बनाया है। इसलिए, ये एक बिना दावे वाले क्षेत्र से दूसरे बिना दावे वाले क्षेत्र में जा रहा है। जैसे ही आप दावा करेंगे, आपको ये मिल जाएगा। इसलिए, मुझे सच में लगता है कि अब समय आ गया है कि हम सभी इस बारे में सभी को बताएं।'' मंत्री ने सरकारी और बैंक अधिकारियों से लोगों में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया ताकि वे आगे आएं और अपनी सही संपत्तियों, जैसे कि परिपक्वता के बावजूद बिना दावे के पड़ी बीमा पॉलिसियों, का दावा करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि, ''जागरूकता फैलाएं। उन्हें बताएं कि आपका पैसा वहां पड़ा है, इस दस्तावेज के साथ आएं और इसे ले जाएं। आप दूत बन सकते हैं और लोगों को बता सकते हैं कि क्या उन्होंने अभी तक अपनी सही संपत्ति का दावा नहीं किया है

# सरकारी कर्मचारियों के ड्रेस अलाउंस के नियमों में हुआ बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर ।** केंद्र सरकार ने लाखों कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले ड्रेस भत्ते के नियमों में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। डाक विभाग द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार, अब साल के बीच में नौकरी ज्वाइन करने वाले या रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आनुपातिक आधार पर ड्रेस भत्ते का भुगतान किया जाएगा। इस फैसले से कर्मचारियों के बीच भुगतान को लेकर बना कन्फ्यूजन खत्म हो गया है।24 सितंबर 2025 को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जो कर्मचारी साल के बीच में सेवा में आते हैं या रिटायर होते हैं, उन्हें पूरे साल का भत्ता देने के बजाय उनकी सेवा अवधि के अनुपात में भत्ते का भुगतान होगा। यह नया नियम 1 जुलाई 2025 के बाद नौकरी ज्वाइन करने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगा। बता दें कि ड्रेस भत्ता उन कर्मचारियों को दिया जाता है जिन्हें ड्यूटी पर यूनिफॉर्म पहननी होती है। यह भत्ता कपड़ा, जूता और यूनिफॉर्म के रखरखाव समेत कई पुराने भत्तों को मिलाकर दिया जाता है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ड्रेस भत्ता आमतौर पर जुलाई महीने की सैलरी के साथ दिया जाता है। इस साल जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं, उनमें से कई को पहले ही पूरे या आधे भत्ते का भुगतान किया जा चुका है। नए नियमों के तहत, 1 अक्टूबर 2025 से रिटायर होने वाले कर्मचारियों से किसी भी अतिरिक्त भुगतान की वसूली की जाएगी। हालांकि, सरकार ने राहत देते हुए कहा है कि 30 सितंबर 2025 या उससे पहले रिटायर हो चुके कर्मचारियों से कोई रिकवरी नहीं होगी।

# रायपुर में झमाझम बारिश, प्रदेश के सात जिलों में यलो अलर्ट

## राजनांदगांव-धमतरी में बिजली गिरने-आंधी चलने की आशंका, आज से मानसून की रफ्तार होगी कम

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** रायपुर में रविवार सुबह 10 बजे के बाद कई इलाकों में तेज बारिश हुई। वहीं कई इलाकों में धूप छाई रही। राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर इन 7 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां बिजली चमकने, बादल गरजने और आंधी चलने की आशंका है। बाकी जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है।

आज से पूरे प्रदेश में बारिश की तीव्रता कम होगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश के सभी संभाग के अधिकतर स्थान पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। वहीं सबसे ज्यादा तापमान 31.6 डिग्री दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री भी दुर्ग में दर्ज किया गया।



### 15 अक्टूबर के बाद मानसून लौटने के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देश के कई हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफसे मानसून लौटना शुरू होता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार प्रदेश में मानसून करीब 15 अक्टूबर के बाद लौटेगा, यानी सामान्य से करीब 10 दिन देरी से।

**धमतरी में फंसे पुजारी:** इससे पहले धमतरी जिले के जोरातराई गांव में एक टापू पर 65 वर्षीय पुजारी फंस गए । वे पूजा के लिए महानदी पार कर रहे थे, तभी बाढ़ के चलते टापू पर फंस गए। लगभग 8 घंटे बाद रेस्क्यू टीम ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला था।

**महिला को खाट पर बांधकर नदी पार कराई:** वहीं गरियाबंद जिले में ग्रामीणों ने प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को खाट पर बांधकर नदी पार कराई। घटना का वीडियो भी सामने आया। देवझर अमली निवासी 24 वर्षीय पिंकी नेताम को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। गर्भवती के परिजन एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं होने पर खाट पर लिटाकर ले गए।सुरक्षा के लिहाज से महिला को खाट से बांधा गया, ताकि नदी पार करते समय वह गिर न जाए। ग्रामीणों ने उसे अमाड़ नदी पार कराते हुए सावधानीपूर्वक देवभोग के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं गरियाबंद जिले में बारिश के बाद अमाड़ नदी के साथ कई नदी-नाले उफन पर हैं।

## एक नजर

### प्रदेश में अब तक 1182.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1182.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक दंतेवाड़ा जिले में सर्वाधिक 1617.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 545.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1113.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 981.3 मि.मी., गरियाबंद में 1195.3 मि.मी., महासमुंद में 1028.6 मि.मी. और धमतरी में 1120.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1179.7 मि.मी., मुंगेली में 1141.3 मि.मी., रायगढ़ में 1365.4 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1097.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1379.2 मि.मी., सक्ती में 1252.0 मि.मी., कोरबा में 1159.4 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1077.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 921.2 मि.मी., कबीरधाम में 842.7 मि.मी., राजनांदगांव में 989.4 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1423.4 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 886.0 मि.मी. और बालोद में 1280.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 790.5 मि.मी., सूरजपुर में 1172.7 मि.मी., बलरामपुर में 1578.4 मि.मी., जशपुर में 1084.3 मि.मी., कोरिया में 1238.5 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1115.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1593.0 मि.मी., कोंडागांव जिले में 1165.6 मि.मी., कांकेर में 1368.5 मि.मी., नारायणपुर में 1423.5 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1617.6 मि.मी. और सुकमा जिले में 1217.5 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### सनातनी सेवा समिति शरद उत्सव पर करेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** सनातनी सेवा समिति महावीर नगर चौक रायपुर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर नगर चौक में नवरात्रि , दशहरा एवं शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के प्रसिद अंजोर लोक कला मंच के गरिमा और स्वर्णा दिवाकर द्वारा भव्यता के साथ 6 अक्टूबर सोमवार रात्रि 9 बजे से प्रस्तुत किया जाएगा। अध्यक्ष प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, संरक्षक प्रदीप कौशिक एवं सनातनी सेवा समिति के सभी सदस्य ने प्रदेश वासियो से अधिक से अधिक संख्या उपस्थिति का आग्रह किया है।

### शरद पूर्णिमा छह को

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहा जाता है। यह पूर्णिमा सबसे बड़ी पूर्णिमा मानी जाती है। शरद पूर्णिमा को कोजागिरी एवं रासपूर्णिमा एवं कौमुदी पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा व भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। इस दिन समुद्र मंथन से महालक्ष्मी प्रकट हुई थी। इसीलिए इस पूर्णिमा का पौराणिक महत्व है। इस बार शरद पूर्णिमा उत्सव मंदिरों में सोमवार छह अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा।

### पुणे और मुबंई के तीन एजेंटों ने किया करोड़ों का जमीन घोटाला, रेरा ने खरीदी-बिक्री पर लगाई रोक

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राज्य गठन के बाद सबसे बड़ा जमीन घोटाला सामने आया है। यहां करीब 50 एकड़ सरकारी भूमि को पहले किसानों के नाम आवंटित किया गया और फिर योजनाबद्ध तरीके से इसे निजी कंपनियों और एक मल्टीनेशनल कंपनी को बेच दिया गया। इस पूरे खेल की कीमत लगभग 150 करोड़ रुपए बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, डोमा गांव (प.ह. नं. 84) की भूमि लंबे समय से राजस्व रिकॉर्ड में घास और चराई की जमीन के रूप में दर्ज थी। ऐसी भूमि किसी भी स्थिति में निजी स्वामित्व में नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद कुछ किसानों को इसका आवंटन कर दिया गया। बाद में इन किसानों से दो नामी कंपनियों स्वास्तिक प्रोजेक्ट्स और रूपी रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड ने जमीन खरीद ली। चौंकाने वाली बात यह रही कि अधिकारियों ने भी बिना किसी गहन जांच के यह ट्रांसफर मान्य कर दिया और करोड़ों की सरकारी जमीन निजी हाथों में पहुंच गई। इसके बाद यह भूमि एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी को बेच दी गई, जिसने आगे प्लॉटिंग कर बिक्री की तैयारी शुरू कर दी।

## रायपुर में 1.29 करोड़ की चांदी की लूट निकली फर्जी

# ऑनलाइन सट्टे में पैसे हारा उत्तरप्रदेश का कारोबारी, भरपाई के लिए रची साजिश

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राजधानी में गन प्वाइंट पर 1.29 करोड़ की चांदी की लूट की कहानी झूठी निकली। खुद कारोबारी राहुल गोयल ने पूछताछ में ये बात कबूली है। आरोपी राहुल ऑनलाइन सट्टे में बड़ी रकम गंवा चुका था। वह चांदी के कारोबार में ब्रोकर था। वह उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाला है। आगरा से चांदी का जेवर का ऑर्डर लेकर सप्लाई करवाता था और कमीशन पाता था। कंपनी भरोसा करके उधार में जेवर भेजती थी। सट्टे में रकम गंवाने के बाद राहुल को लगा कि झूठी कहानी बनाकर वह कंपनी का माल के पैसे देने से बच जाएगा और उसे सट्टे में हुए नुकसान की भरपाई भी हो जाएगी। घटना शनिवार (4 अक्टूबर) की है। कारोबारी ने बताया था कि अज्ञात लोग उसके फ्लैट में घुसे, बेहोश कर हाथ-पैर बांधे और 86 किलो चांदी के जेवर लेकर भाग गए थे। व्यापारी ने पुलिस को ये भी बताया था कि अज्ञात लोग वारदात के बाद सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए। यह पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर बाजार का है। पुलिस आज इस मामले में खुलासा करेगी।

**कारोबारी ने कहा था- बेहोश करके लूट:** आरोपी राहुल गोयल ने एफआईआर में झूठी कहानी बताई। उसने बताया 'मैं मूल रूप से अलीगढ़ (यूपी) का रहने वाला हूं। रायपुर में मेरी शिवा ट्रेडर्स नामक कंपनी है। मैं आगरा की एक कंपनी के सीएफए के रूप में चांदी के जेवर लेकर रायपुर आता हूं और कारोबारियों को बेचता हूं। इसके एवज में मुझे प्रति किलो 500 रुपए कमीशन मिलता है। दिवाली के लिए मैं 200 किलो चांदी रायपुर लाया था। उसमें से 100 किलो चांदी वापस आगरा भिजवा दिया। वहीं 14 किलो चांदी की बिक्री हो चुकी थी, जबकि 86 किलो चांदी का ऑर्डर बाकी था।'





### दरवाजा खटखटाने की आवाज से नींद खुली

कारोबारी ने एफआईआर में आगे बताया कि 'शुक्रवार रात 11 बजे मैं खाना कर सो गया। रात करीब 3 बजे दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर नींद खुली। बाहर आया तो किसी ने मेरा नाम पुकारा और दरवाजा खोलने को कहा। मेरे पड़ोस में 2 कारोबारी आगरा के ही हैं। मैंने सोचा कि वे होंगे और दरवाजा खोल दिया। बाहर दो नकाबपोश थे। उनमें से एक भीतर आया और सीधे कट्टा तान दिया। मैंने विरोध किया तो दूसरे ने चाकू से हमला किया और मुंह को रूमाल से दबा दिया। उसके बाद मैं बेहोश हो गया। सुबह 10 बजे आंख खुली तो मेरे हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। किसी तरह खुद को छुड़ाकर बाहर आया। मेरे घर से 86 किलो चांद के जेवर लुटेरे लूटकर ले जा चुके थे। इस बारे में पड़ोसी को घटना बताई। लुटेरे बालकनी से रस्सी के सहारे उतरकर भाग गए। डीवीआर भी साथ ले गए।' इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

### सराफा कारोबारियों में था डर का माहौल

सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया था कि राहुल गोयल आगरा के रहने वाले हैं। यहां किराए के फ्लैट में रहते हैं। सदर बाजार में जेवरात बेचते हैं। लूट की वारदात से सराफा कारोबारियों में डर का माहौल है।

# बिहार चुनाव के लिए भूपेश और गहलोत बने सीनियर ऑब्जर्वर



■ एआईसीसी ने अधीर रंजन को भी सौंपी जिम्मेदारी, असम-यूपी-महाराष्ट्र चुनाव के पर्यवेक्षक रह चुके हैं बघेल

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** एआईसीसी ने बिहार चुनाव को लेकर सीनियर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ के पूर्व ष्ट्रूभूपेश बघेल को भी जिम्मेदारी मिली है। AICC ने बिहार चुनाव को लेकर सीनियर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ के पूर्व ष्ट्रूभूपेश बघेल को भी जिम्मेदारी मिली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीनियर ऑब्जर्वर की लिस्ट जारी की है। छत्तीसगढ़ के पूर्व ष्ट्रू भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व ष्ट्रूअशोक गहलोत और कांग्रेस के सीनियर लीडर अधीर रंजन चौधरी को सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। इन तीनों नेताओं के अनुभव को देखते हुए कांग्रेस ने बिहार चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है। AICC के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लिस्ट जारी की है। बिहार कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी है। बता दें कि भूपेश बघेल इसके पहले हिमाचल प्रदेश, झारखंड, असम, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र चुनाव के ऑब्जर्वर रह चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट पर जब राहुल गांधी प्रत्याशी थे, तब भी बघेल को ही उस सीट पर ऑब्जर्वर बनाया गया था। फिलहाल, वे कांग्रेस महासचिव के रूप में पंजाब के प्रदेश प्रभारी भी हैं।

### 41 डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आब्जर्वर भी नियुक्त

AICC ने इन 3 सीनियर लीडर्स के अलावा सभी जिलों के लिए 41 डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आब्जर्वर नियुक्त किए हैं। इनमें अविनाश पांडे, भक्त चरण दास, अजय राय, अनिल चौधरी, बी.वी. श्रीनिवास, विक्रांत भूरिया, इरफान अंसारी, रोहित चौधरी और अनिल चोपड़ा आदि शामिल हैं।

### कोल्ड्रिफ कफ सिरप को लेकर छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट जारी

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप को लेकर देशभर में चिंता का माहौल है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस सिरप के सेवन से अब तक 12 बच्चों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके चलते मध्यप्रदेश और तमिलनाडु सरकार ने इस दवा पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिरप के सैंपल जांच के लिए भेज दिए हैं। यह कफ सिरप तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले की फार्मा कंपनी श्रीसन फार्मा द्वारा निर्मित की गई है। प्राथमिक जांच में इस सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा खतरनाक स्तर तक पाई गई है, जो शरीर के लिए अत्यधिक विषैली होती है और इससे गुर्दे फेल होने जैसे गंभीर परिणाम हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल राज्य में इस कंपनी की सिरप की कोई आपूर्ति नहीं की गई है। लेकिन एहतियातन इस सिरप को राज्य में भी प्रतिबंधित करने की तैयारी की जा रही है ताकि किसी तरह की आशंका या भ्रम की स्थिति न बने। विभाग ने बताया कि बाजार में निगरानी बढ़ा दी गई है और संबंधित दवा की बिक्री रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के दवा व्यवसायी अश्वनी विग ने जानकारी दी कि राज्य में न तो कोल्ड्रिफसिरप की बिक्री हो रही है और न ही श्रीसन फार्मा का कोई गोदाम यहां मौजूद है। इसके बावजूद पड़ोसी राज्यों में बच्चों की मौत की खबरों और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सिरप की तस्वीरों के चलते लोगों में डर का माहौल बन गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और यदि इस सिरप से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या प्रशासन को सूचित करें। राज्य सरकार ने लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता बढ़ा दी है।



# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में होगी स्पेशल एजुकेटर की भर्ती

## 13 अक्टूबर तक दे सकते हैं आवेदन, मेरिट के आधार पर होगा चयन

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार ने स्पेशल एजुकेटर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ये भर्ती मेरिट के आधार पर की जाएगी और इसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के रिक्त पद शामिल हैं।

लोक शिक्षण संचालनालय से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, 100 पदों पर ये भर्ती होगी। प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में इच्छुक उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकते हैं। यह भर्ती राज्य के सरकारी स्कूलों में स्पेशल एजुकेटर नियुक्त करने के लिए की जा रही है। कैबिनेट बैठक में स्पेशल एजुकेटर स्कूलों में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया था।

**13 अक्टूबर तक दे सकते है आवेदन:** अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 अक्टूबर से शुरू होगी और 13 अक्टूबर तक चलेगी। उम्मीदवार आवेदन डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।



बता दे कि स्पेशल एजुकेटर नियुक्त करने का निर्णय कैबिनेट बैठक में हुआ था। जिसके बाद विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

**अधूरे दस्तावेज वाले फॉर्म हो जाएगा रिजेक्ट :** स्पेशल एजुकेटर के पदों पर भर्ती की योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण विवरण विभागीय वेबसाइट edu-portal.cg.nic.in पर उपलब्ध हैं।

विभाग ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें और सभी दस्तावेज सही तरीके से तैयार कर आवेदन करें, नहीं तो वे फॉर्म रिजेक्ट हो जाएंगे।

**विशेष शिक्षा छात्रों को देंगे स्पेशल एजुकेटर:** इस भर्ती के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य प्रदेश के स्कूलों में विशेष शिक्षा को मजबूत करना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। स्पेशल एजुकेटर का मुख्य कार्य विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए शैक्षणिक सहायता देना और उनके विकास में मार्गदर्शन करना होगा।

**एजुकेटरों की संख्या कम:** जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में स्पेशल एजुकेटरों की संख्या वर्तमान में पर्याप्त नहीं है, इसलिए इस भर्ती से स्कूलों में विशेष शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों बढ़ने की संभावना है।

राज्य सरकार ने कहा है कि सभी योग्य और इच्छुक उम्मीदवार समय पर आवेदन करें, ताकि वे इस अवसर का लाभ उठाए और छत्तीसगढ़ के शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगल बाजार आजाद चौक निवासी सन्नी सारथी 22 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 9970 को महादेव घाट के विसर्जन घाट में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में शिवविहार कालोनी डीडीनगर निवासी अभय वर्मा 19 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजे 3596 को इंडोर स्टेडियम के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरहह तीसरे मामले में विवेक वर्मा 24 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचसी 4108 को आरंग के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

**समस्या** 25 साल में दूसरी बार बी.एड की 5000 सीट खाली

# टीईटी की अनिवार्यता, युक्तियुक्तकरण और महंगी फीस के चलते एडमिशन नहीं ले रहे छात्र

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) ने बीएड के हो रही पहली काउंसलिंग की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। जिसके मुताबिक छत्तीसगढ़ में बीएड की 5300 सीटें खाली रह गई हैं, जो कुल सीटों का 36.43 प्रतिशत है। जानकारी के मुताबिक ये 25 साल में दूसरी बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं।

इससे पहले साल 2014 में ये स्थिति बनी थी, जब बीएड की इतनी सीटें खाली रह गई थीं। वहीं डीएलएड की करीब 2 हजार सीट खाली है। राज्य में डीएलएड की 6660 और बीएड की 14400 सीटें हैं। इनमें एडमिशन के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग 29 अगस्त से शुरू हुई। इस राउंड में तीन मेरिट लिस्ट जारी की गई।




इसके अनुसार डीएलएड में करीब चार हजार सीटों में प्रवेश हुए हैं। इसी तरह बीएड की 9 हजार से अधिक सीटें भरी। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की आज, रविवार को लास्ट डेट है। इस राउंड की मेरिट लिस्ट 9 अक्टूबर को जारी होगी।

इस पर दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। इसके बाद 13 अक्टूबर को लिस्ट जारी होगी। इसके अनुसार 16 अक्टूबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। इस राउंड में तीन लिस्ट जारी होगी। इसके अनुसार 6 नवंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। सीटें खाली रहने की स्थिति में फिर काउंसिलिंग होगी। इसके लिए शेड्यूल बाद में जारी होने की संभावना है। हैं।

### बीएड की सीटों में दाखिले कम होने के तीन बड़े कारण

निजी शिक्षा महाविद्यालय संघ के संयोजक राजीव गुप्ता के मुताबिक- पिछले दिनों कोर्ट ने आदेश जारी कर माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए ञ्श्वञ्ज यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी है। प्राथमिक कक्षाओं के लिए डीएलएड पर्याप्त है। इसलिए भी छात्र बीएड के स्थान पर डीएलएड को प्राथमिकता दे रहे हैं।

स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया। शिक्षकों के कई पद समायोजित हुए हैं। नई वैकेंसी भी नहीं निकल रही है। इस कारण रुझान घटा है।

ऑन रिकॉर्ड बीएड पाठ्यक्रम का शुल्क 60 हजार रुपए तय है। लेकिन पिछले सालों में यह आम शिकायत रही है कि अधिकतर निजी कॉलेज 2 लाख रुपए तक फीस ले रहे हैं। इस कारण भी छात्र शासकीय महाविद्यालयों में ही सीट मिलने पर ही प्रवेश ले रहे हैं।

# नवा रायपुर में अवैध विकास पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम ने हटाए अवैध निर्माण

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध विकास और निर्माण के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। ग्राम टेमरी और डूमरतराई थोक मार्केट से लगे क्षेत्र में बिना अनुमति किए जा रहे भूमि विकास और सड़क निर्माण को आज संयुक्त टीम ने हटाया। यह कार्रवाई राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम रायपुर और नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

प्राधिकरण को पहले प.ह. नं. 78 के रख. नं. 168, 167, 162, 165, 177 एवं अन्य भागों में अवैध विकास एवं निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच के बाद संबंधित भू-स्वामी, विकासकर्ता और निर्माणकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय में वैध अनुमति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देशानुसार अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नवा रायपुर अटल नगर क्षेत्र में बिना स्वीकृति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं है। भविष्य में भी इस तरह के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26